www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–217 । सागर, मंगलवार, 26 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी, मरीज परेशान — पृष्ठ 3
▪ मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!
▪ प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां — पृष्ठ 4
▪ सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर — पृष्ठ 6
कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन चलाएगा साफ थाली अभियान — पृष्ठ 8

महाकुंभ में मोदी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, विपक्ष पर किए तीखे हमले, कहा-

# कांग्रेस जंग लगा लोहा, उसके पास भविष्य की सोच नहीं



## यह भी बोले- कांग्रेस कुनीति, कुशासन और करप्शन की पहचान, मोदी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस कुनीति, कुशासन और करप्शन की पहचान है। जबकि वे हर के पूरे होने की गारंटी हैं। राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में श्री मोदी ने जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा, वहीं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और एक के बाद एक तीखे हमले किये। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस जंग लगा लोहा है उसके पास भविष्य की सोच नहीं है। वहीं हम समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमारी योजनाओं के मूल में सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की भावना है। जिसके चलते हमने आज गरीबों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का सबसे बड़ा लाभार्थी बना दिया है। श्री मोदी ने कहा कि 50 साल पहले कांग्रेस ने गरीबी दूर करने का नारा दिया, लेकिन अपना वादा पूरा नहीं किया। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार के पांच सालों में ही देश के 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी का नतीजा है। जब मोदी गारंटी देता है, भाजपा गारंटी देती है, तो वो जमीन पर उतरती है, हर व्यक्ति तक पहुंचती है। मोदी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की हालत जंग लगे लोहे के समान हो गई है। उसके पास भविष्य की सोच नहीं है और न ही भविष्य को देखने का सामर्थ्य तथा देशहित को समझने की क्षमता बची है। कांग्रेस को विकसित भारत के हर प्रोजेक्ट में खोट नजर आती है। उसने डिजिटल इंडिया की आलोचना की, लेकिन आज भारत के यूपीआई से पूरी दुनिया मंत्रमुग्ध है। आधुनिक सड़कों, चौड़े हाईवे, एक्सप्रेस वे की कांग्रेस आलोचना करती है। देश में वंदे भारत जैसी ट्रेनें चल रही हैं, स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है, बुलेट ट्रेन की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन कांग्रेस को यह सब नहीं पच रहा, वह इनकी भी आलोचना करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने देश

### कांग्रेस ने 30 सालों से महिला आरक्षण बिल को पारित नहीं होने दिया

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मोदी ने बहनों को जो गारंटी दी थी और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके उस गारंटी को पूरा कर दिया है। लेकिन मैं बहनों को सावधान करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में इस विधेयक का समर्थन किया है। गठबंधन में वही लोग शामिल हैं, जिन्होंने पिछले 30 सालों में इसे पारित नहीं होने दिया। श्री मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया। उन्हें बार–बार अपमानित करते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सेना में बेटियों की एंट्री को रोके रखा। मुझे वो काम आजादी के इतने सालों बाद करना पड़ रहा है, क्योंकि इनकी नीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूछा कि यदि इनकी नीयत ठीक होती तो क्या मुझे करोड़ो टॉयलेट बनाना

### मंच पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रहलाद पटेल, वीरेन्द्र कुमार खटीक, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, महाराष्ट्र के सहप्रभारी जयभानसिंह पवैया, सांसद राकेश सिंह, पार्टी क प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र शुक्ला सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे।

### महिला जनप्रतिनिधियों ने किया मोदी का स्वागत



प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लाये गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए महाकुंभ में उपस्थित पार्टी की महिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों सरपंच से लेकर सांसद व मंत्री व विधायकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बड़ी पुष्प माला से स्वागत कर महिला शक्ति की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट किया। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती यशोधराराजे सिंधिया, सुश्री उषा ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्रीमती ललिता यादव, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश मंत्री डॉ. लता वानखेडे, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती नंदिनी मरावी, श्रीमती संगीता सोनी, विधायक श्रीमती मालिनी गौड, पिछडा वर्ग मोर्चा की राष्टीय उपाध्यक्ष व विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, श्रीमती अमिता चपरा, श्रीमती निर्मला बारेला, श्रीमती तनुश्री कुलदीप राठौर, श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, सुश्री भक्ति शर्मा, श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, श्रीमती सोनम मरावी स्वागत में मौजूद थी।

### प्रधानमंत्री रथ पर सवार होकर पहुंचे आमजन के बीच

प्रधानमंत्री श्री मोदी जंबूरी मैदान में आयोजित हो रहे कार्यकर्ता महाकुंभ में मंच के सामने रथ पर सवार होकर पहुंचे। रथ पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा साथ थे। रथ आमजन के बीच पहुंचा तो दोनों ओर जनसमुदाय से भरा पंडाल मोदी–मोदी के जयकारों से गूंज उठा।

शिवराज ने किया दावा

## प्रदेश में 2 तिहाई बहुमत से फिर बनेगी सरकार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाले पांच वर्षों में मध्यप्रदेश भारत का नंबर वन राज्य बनेगा। आपके बढ़ते हुए उत्साह को देखकर आज कह सकता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी फिर दो तिहाई बहुमत से मध्यप्रदेश में सरकार बनायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि चुनाव में सिर्फ दो माह शेष हैं, यह दो महीने भारतीय जनता पार्टी को चुनाव प्रचार के लिए दीजिए। अपने बूथ पर हम भारी बहुमत से भाजपा को जिताएंगे, यह संकल्प लेकर यहां से जायें। उन्हांने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारी मॉ है और प्रत्येक कार्यकर्ता को दूध की लाज रखनी है और अपने बूथ को जिताकर फिर से सरकार बनानी है। हमें आने वाले विधानसभ चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है और 2024 में मोदी जी को 29 में से 29 सीटें जीतकर मध्यप्रदेश से उनके गले में 29 कमल की माला पहनानी है। उन्हांने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प ले कि प्रत्येक बूथ जीतेंगे।

### महिलाओं को आरक्षण देकर इतिहास रचा : शर्मा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी–20 देशों की सफलतापूर्वक अध्यक्षता की एवं देश में महिलाओं की 50 प्रतिशत आबादी के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर 33 प्रतिशत आरक्षण देकर इतिहास बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भोपाल आए हैं, सभी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूॅ। उन्होने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार को प्रतिपादित कर गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने 25 जून को मेरा बूथ–सबसे मजबूत अभियान दिया था, उस बूथ सशक्तिकरण के अभियान को कार्यकर्ताओं की महाशक्ति ने जमीन पर उतारने का संकल्प पूरा किया है। आज मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 44 लाख परिवारों को पक्का मकान और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 60 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज मिला है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लाड़ली बहना योजना संचालित हो रही हैं।

## सार-समाचार

### पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से आए मनप्रीत के अलावा, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर रविवार रात केस दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में राजीव कुमार और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। 2021 में पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ब्यूरो ने जांच शुरू की और उन पर मामला दर्ज किया।

### भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुड्डुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुड्डुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुड्डुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग–अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही (29–30 जून) मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

सर्वसम्मति से पार्टी ने प्रस्ताव किया पास

## अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा


▪ अपने नेताओं पर टिप्पणी से थी नाराजगी
▪ अन्नादुरई, जयललिता की आलोचना की थी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है।

डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी। एआईएडीएमके ने इस पर भी आपत्ति जताई थी। डी जयकुमार ने ये भी कहा था कि अन्नामलाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

भाजपा ने जारी की दूसरी सूची, दिग्गजों पर लगाया दांव

## केंद्रीय मंत्री तोमर, पटेल और कुलस्ते के अलावा 4 सांसदों को भी चुनाव मैदान में उतारा





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने आज विधानसभा चुनाव के लिए 39 और प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी। इसमें 3 केंद्रीय मंत्रियों के अलावा 4 सांसदों को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को मुरैना जिले की दिमनी से मैदान में उतारा है तो वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को नरसिंहपुर और फग्गन सिंह कुलस्ते को मंडला जिले की निवास से टिकट दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर–1 से टिकट दिया गया है, जबकि सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, श्रीमती रीति पाठक को सीधी, उदय प्रताप सिंह को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर मुरैना संसदीय सीट से सांसद हैं और वे 2 बार विधायक रह चुके हैं। प्रहलाद पटेल को उनके भाई विधायक भाई जालम सिंह पटेल की जगह प्रत्याशी बनाया गया है। निवास से प्रत्याशी बनाए गए फग्गन सिंह कुलस्ते के भाई रामप्यारे निवास से पिछला विधानसभा चुनाव हार गए थे। पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय राज्य के पूर्व मंत्री हैं। पिछले चुनाव में अपने पुत्र आकाश विजयवर्गीय को इंदौर–3 से विधायक बनवाया था। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक राकेश सिंह पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने 6 महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी इससे पहले भी 39 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इन्हें मिलाकर अब भाजपा के घोषित प्रत्याशियों की संख्या 78 हो गई है।

### इन्हें बनाया प्रत्याशी

श्योपुर-दुर्गालाल विजय
मुरैना-रघुराज कंसाना
दिमनी-नरेंद्र सिंह तोमर
लहार-अमरीश शर्मा गुड्डू
भितरवार-मोहन सिंह ठाकुर
डबरा (अजा)-इमरती देवी
सेवढ़ा-प्रदीप अग्रवाल
करैरा (अजा)-रमेश खटीक
राघोगढ़-हिरेंद्र सिंह बंटी बना
देवरी-बृजबिहारी पटेरिया
राजनगर-अरविंद पटेरिया
सतना-गणेश सिंह
मैहर-श्रीकांत चतुर्वेदी
सीधी-रीति पाठक
सिंहावल-विश्वामित्र पाठक
कोतमा-दिलीप जायसवाल
जबलपुर पश्चिम-राकेश सिंह
डिंडोरी (अजजा)-पंकज टेकाम
निवास (अजजा)-फग्गन सिंह कुलस्ते
कंटगी-गौरव पारधी
नरिसंहपुर-प्रहलाद सिंह पटेल
गाडरवाड़ा-उदय प्रताप सिंह
जुन्नारदेव-नत्थन शाह
छिंदवाड़ा-विवेक बंटी साहू
परासिया (अजा)-ज्योति डहेरिया
घोंडाडोंगरी (अजजा)-गंगा बाई उइके
उदयपुरा-नरेंद्र शिवाजी पटेल
खिलचीपुर-हजारी लाल दांगी
आगर (अजा)-मधु गेहलोत
शाजापुर-अरूण भीमावत
भीकनगांव (अजजा)-नंदा ब्राह्मणे
राजपुर (अजजा)-अंतर सिंह पटेल
पानसेमल (अजजा)-श्याम बर्डे
थांदला (अजजा)-कलसिंह भांवर
गंधवानी (अजजा)-सरदार सिंह मेड़ा
देपालपुर-मनोज पटेल
इंदौर-1-कैलाश विजयवर्गीय
नागदा-खाचरोद-डा. तेजबहादुर सिंह
सैलाना (अजजा)-संगीता चारेल

कांग्रेस नेता ने कहा, जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे

# जातीय जनगणना से देश का फायदा होगा : राहुल

▪ देश को चला रहे 90 सचिवों में केवल 3 ही ओबीसी वर्ग से
▪ कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों व भाजपा उद्योगपतियों के साथ

**बिलासपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के परसदा (सकरी) में राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के हितग्राहियों को राशि का वितरण करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं।

आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि हमारी सरकार आई तो जातीय जनगणना कराएंगे। जातीय जनगणना से देश को फायदा होगा. राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश को 90 सचिव चला रहे हैं, यही लोग योजनाएं बनाते हैं, इनमें महज तीन ही ओबीसी वर्ग से हैं, इस तरह बजट का सिर्फ पांच प्रतिशत के नियंत्रण की जिम्मेदारी ओबीसी सचिवों के हाथ में होती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया।

### केंद्र सरकार गरीबी विरोधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों के खातों में राशि डालने के लिए और भाजपा का रिमोट कंट्रोल उद्योगपतियों के लिए चलता है। देश में दो तरह के रिमोट हैं, एक रिमोट सबके सामने है और गरीबों के खाते में राशि जा रही है, दूसरा रिमोट भाजपा का है जो छिपकर चलता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि बिलासपुर पहुंचकर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिए इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक अकाउंट में गये। एक–दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा रिमोट भाजपा का है, जिसके दबते ही एयरपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल, जंगल और जमीन उद्योगपतियों को चले गए। भाजपा के इसी रिमोट कंट्रोल को लेकर संसद में आवाज उठाई तो मेरी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई।

### हमने सारे वादे पूरे किए: राहुल

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमने सारे वादे पूरे किए। किसान न्याय योजना में 21,000 करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिए। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें सात हजार रुपए दिए। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वन अधिकार दिए गए। 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा दी है, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। 1 लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया।

## राहुल ने ट्रेन से किया सफर



छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ सीएम भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम–घूमकर लोगों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

# सीएम हेल्पलाइन में यदि शिकायत को अटेन्ड नहीं किया तो एक दिन का वेतन कटेगा: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को जो विभाग अटेंड नहीं करता है और निराकरण नहीं करता है उन विभाग अधिकारी एवं एल 1 पर नियुक्त अधिकारी का एक दिन का वेतन काटा जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसके बाद भी यदि एक सप्ताह में निराकरण नहीं होता है तो संबंधित का 2 दिन का वेतन काटा जाएगा। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण करें। विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ग्रेडिग में सुधार करें। जो विभाग बीए सी और डी ग्रेड में है, अपनी ग्रेडिग सुधार कर ए ग्रेड प्राप्त करें। एल.1 स्तर पर ही शिकायतों का निराकरण हो। शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करें। यदि कोई शिकायत बिना अटेन्ड किए अगले स्तर पर जाती है। तो संबंधित के अधिकारी कर्मचारी के एक दिन के वेतन की कटौती की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टरभव्या त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तीन दिवस में निराकरण न होने पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** पेंशन प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण नहीं होने पर शिक्षा विभाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर समस्त विभागों के विभाग अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित न रहे। विभागों में जो कर्मचारी अगले 6 माह में रिटायर होने वाले है, उनकी सूची तैयार करें। उनके संबंध में डाटा रखें। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें, जिसके उनका निराकरण किया जा सकें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पेंशन प्रकरण शिक्षा विभाग से संबंधित है और इनका तीन दिवस में निराकरण नहीं होता है तो पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं होता है तब विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई भी होगी और साथ में जिला शिक्षा अधिकारी पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों से रिक्त पदों की जानकारी लेकर रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाही करें। बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 की नगरीय निकाय और जनपदवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंल योजना में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। निर्देश दिए कि जिस निकाय में संबंल योजना के आवेदनों के निराकरण का प्रतिशत 95 से कम होगा, उसके अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाही की जाएगी।

## सार-समाचार

### अमृत कलश यात्रा चकराघाट, बरियाघाट पुरव्याऊ और लक्ष्मीपुरा वार्ड पहुंची



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 27 सितंबर तक नगर के समस्त वार्डो में निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा दसवे दिन बरियाघाट वार्ड पहुंची जहां वार्ड पार्षद वैदेही पुरोहित ने महिलाओं और नागरिकों के साथ यात्रा की अगवानी की और हाथ में अमृत कलश लेकर मिट्टी और चावल का घर-घर जाकर एकत्रीकरण कराया और नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई, चकराघाट वार्ड पहुंची जहां मे पार्षद डाली सोनी के साथ वार्ड की महिलाओं ने यात्रा का स्वागत किया और मिट्टी और चावल कलश में एकत्रित किये, पुरव्याऊ वार्ड मे पार्षद आयुषी चौरसिया ने महिलाओं और नागरिकों के साथ पंच प्रण की शपथ ली और मिट्टी चावल का एकत्रीकरण कराया, लक्ष्मीपुरा वार्ड मे वार्ड पार्षद आशा रानी जैन के निवास पर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रा के नोडल अधिकारी विजय दुबे, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी के साथ वार्ड के नागरिक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

### भारत स्काउट का शिविर प्रारंभ




**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड संभागीय मुख्यालय द्वारा ब्राइट कैरियर स्पेशल अकेडमी मकरोनिया में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। संभागीय शिविर संचालक कंचन सिंह और गौरीशंकर शर्मा, रोवर लीडर अनिल विश्वकर्मा द्वारा शुरू किया गया। संचालक मंडल में आलोक गुप्ता, चंद्रभान लोधी, लाल सिंग चढ़ार, राष्ट्रपति रोवर भगवान सिंह लोधी आदि द्वारा सहयोग किया जा रहा है संचालक ब्राइट कैरियर सीएस आनंद द्वारा बच्चों को आवासीय व्यवस्था और विद्यालय द्वारा शिविर हेतु अन्य व्यवस्था तैयार की गई।

### अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** गत दिवस अहिरवार समाज संघ भारत का प्रांतीय अधिवेशन भोपाल में संपन्न हुआ जिसमें एससी-एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के सभी सामाजिक व्यक्तियों और पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया और साथ ही विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में मप्र के अलावा छत्तीसगढ़ और राजस्थान से भी अहिरवार समाज संघ भारत के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें सागर संभाग के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी। जिला सागर से प्रांतीय सचिव शंकरलाल अहिरवार, एचडी अहिरवार प्रांतीय सचिव, संभागीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अहिरवार, संभागीय महासचिव राकेश अहिरवाल डीओ खाद्य विभाग, पीएल अहिरवार, जिलाध्यक्ष इंजी. रामप्रसाद चौधरी तथा बीना, खुरई से सदस्य उपस्थित रहे।

### खेलों एमपी यूथ गेम्स में आचार्य विद्यासागर स्कूल के बच्चों का दबदवा



**मालथौन, देशबन्धु।** खेलों एमपी यूथ गेम्स में मालथौन विकासखण्ड से तीस सदस्यीय टीम जिला स्तर पर सम्मिलित हुई जिसमें से मालथौन के दस प्रतियोगी संभाग स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। जिसमे 6 प्रतियोगी आचार्य विद्यासागर ज्ञानपीठ मालथौन के शामिल हैं। जिन्होंने विकासखण्ड प्रभारी राखी गौड़ एवं खेल प्रशिक्षक सीएल सोनी के मार्गदर्शन में निम्नानुसार स्थान प्राप्त किये। जिसमे गोला फेक में स्वाति बुन्देला विजेता, बैडमिंटन में माही रिहारिया विजेता, फुटबॉल में मेघा नामदेव, वैशाली यादव, कुसुम सोनी, बैष्णवी यादव उप विजेता रही।

# बीना जिला बनाने सर्वोदय चौराहे से गांधी तिराहे तक पदयात्रा निकाली



**बीना, देशबन्धु।** जिला बनाने को लेकर नागरिकों ने सर्वोदय चौराहे से लेकर गांधी तिराहे तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान लोगों ने बीना को जिला बनाने को लेकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक, भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल बीना तहसील का दावा सबसे पुराना है। पिछले 40 साल से बीना जिला बनाओ समितियों द्वारा समय-समय पर मांग व धरनों का प्रदर्शन होता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी सार्वजनिक मंच पर बीना को जिला बनाने की घोषणा और आश्वासन देते आ रहे हैं लेकिन हर बार बीना के साथ वादा खिलाफी की जाती है। बीना की जनता के साथ हर तरह से विश्वासघात किया जा रहा है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने बताया कि बीना के भाजपा नेता बीना को जिला बनाना नहीं चाहते इसलिए वह सर्वदलीय कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते। इस कार्यक्रम में भाजपा का एक भी कार्यकर्ता शामिल नहीं हुआ। उमेश शर्मा ने बताया कि हर बार बीना जिले की मांग को सरकार द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि प्रदेश में बीना से भी छोटे कस्बाई नगरों को भी जिला का दर्जा मिल गया है। प्रदेश के छोटे कस्बों को जिला बनाया है लेकिन बीना के साथ नाइंसाफ ी की जा रही है। सीताराम ठाकुर ने बताया कि बीना से सागर 75 किलोमीटर दूर है। किसानों को मजबूरी में अपना पूरा काम छोड़कर सागर जाना पड़ता है और यदि काम नहीं होता तो उन्हें मजबूरी में फिर से लौटना पड़ता है। राजस्व संबंधी कामों के लिए भी सागर जाना पड़ता है। इसलिए बीना को जिला बनना बहुत जरूरी है। इस दौरान पीपी नायक, इंदर सिंह, सत्यजीत सिंह, एचडी गोस्वामी, विवेक पोरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बीना को जिला बनाने की मांग वर्ष 1982 से चल रही है। कई बार बीना को जिला बनाने की घोषणाएं भी हुईं लेकिन इसके बाद भी बीना अभी तक जिला नहीं बन पाया है। जानकारी के अनुसार बीना को जिला बनाने के लिए बीना जिला बनाओ समिति द्वारा हड़ताल, भूख हड़ताल, धरना सहित तमाम प्रकार के कार्य किए। 1980 में मप्र पुनर्गठन आयोग ने बीना को 10 साल बाद जिला बनाने की सिफारिश की थी।

## निगमायुक्त ने श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने 28 सितंबर को श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु बैठक ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने लेहदरा नाका बड़ी नदी पर प्रतिमाओं की विसर्जन हेतु पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने, नदी के पहुंच मार्ग तथा पटरी को दुरुस्त करने तथा नगर के पहुंच मार्गो एवं गणेश स्थापना पहुंच मार्ग की मरम्मत करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए। नगर के सभी मार्गो एवं प्रतिमा विसर्जन स्थल के आसपास पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं कीटनाशक का छिड़काव करने, प्रतिमा विसर्जन स्थल पर नाव एवं तैराकों की व्यवस्था करने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता अनुसार बेरीकेट्स लगाने, कटरा पुलिस चौकी के पास एक फायरलारी तथा प्रतिमा विसर्जन स्थल लेहदरा नाका पर एक फायरलारी स्टाफ सहित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा छोटी-छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ट्रैक्टर ट्राली उपलब्ध कराने तथा प्रतिमा विसर्जन स्थल लेहदरा नाका बड़ी नदी पर एक क्रेन की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहा. यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री महादेव सोनी, संयम चतुर्वेदी, आशिमा तिर्की सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. अम्बेडकर दोनो ने मानव कल्याण के लिए कार्य किया: डॉ. शशि कुमार सिंह



**सागर, देशबन्धु।** विश्व के ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा का भारतीयकरण एवं मानव कल्याण ही पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार का मूल आधार था। उक्त विचार डॉ. अम्बेडकर चेयर डॉ. हरीसिंह गौर विवि में आयोजित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल लेक्चर जिसका विषय पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. अम्बेडकर का सर्व समावेशी चिंतन विषय पर व्यक्त करते हुए, डॉ. शशि कुमार सिंह ने कहा कि समता, मानवता और अंत्योदय आज भी विकास का मूल आधार है। डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा ने उक्त विषय पर कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता हमेशा कहती है, हमारे महापुरुषों के द्वारा दी गई शिक्षा एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता, मानव कल्याण एवं अंत्योदय अर्थात् अंतिम व्यक्ति का समग्र विकास से ही भारत विकसित भारत बनेगा। कार्यक्रम में शोध छात्र पूनम सिंह राठौर, अर्पित श्रीवास्तव, दीपशिखा पटेल, राहुल जयसवाल, ओम सिंह, दुर्गेश मेहरा, अंचल ठाकुर, मनोज विश्वकर्मा, सचिन, अभिषेक पटेल, भगवानदास रजक आदि ने अपने विचार रखे।

## तिलकगंज वार्ड से 16 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 16 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। तिलकगंज वार्ड से सौरभ यादव की 16 भैंसों को ग्राम सेवारी नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन-जिन वार्डों में डेरियां शेष रह गई है उनको शीघ्र शहर से बाहर शिफ्ट कराये। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## वृंदावन से आए कलाकारों ने अलौकिक भजन संध्या की प्रस्तुति दी



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन एवं उनकी धर्मपत्नी अनुश्री जैन द्वारा राधा अष्टमी के अवसर पर बड़ा बाजार स्थित मॉडल स्कूल ग्राउंड में वृंदावन से पधारी मंडली द्वारा भव्य संगीतमय नृत्य भजन संध्या का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में लगभग हजारो लोगो ने सम्मिलित होकर श्री राधा कृष्ण भक्ति का आनंद लिया। आयोजन का शुभारंभ राधा कृष्ण की पूजा अर्चना व आरती कर किया गया जिसमें राधा कृष्ण को पालने में बिठाकर पालने को झुलाया गया यह दृश्य बड़ा ही मनमोहक लगा राधा अष्टमी का हिंदुओं में बहुत महत्व है। अनुश्री जैन ने कहा कि राधा अष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण प्रेयसी राधारानी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि राधा अष्टमी के पूजन व्रत से जन्माष्टमी की पूजा का फल प्राप्त होता है।

शैलेंद्र जैन के द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया इसमें संपूर्ण नगर आमंत्रित था यह भजन संध्या वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई राधा रानी व श्याम मुरलिया वाले भजनों पर सभी जनमानस ने नृत्य किया भजन संध्या का पूर्ण रूप से आनंद लिया माता बहनों ने तो कहा कि ऐसा लग रहा है मानो वृंदावन में ही पहुंच गए, भजन संध्या को लेकर बहुत ही उत्साह दिखा प्रांगण में भजन संध्या में सागर शहर से कोने-कोने से लोग अमृत रूपी रसपान के लिए पहुंचे नगर ही नहीं वरन आसपास के क्षेत्र से भी लोगों ने भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संतो का भी सानिध्य प्राप्त हुआ श्री देव रामबाग मंदिर के महंत घनश्याम दास, गुरुधाम के महंत सहित अनेक मंदिरों के पंडित पुजारी एवं पुरोहित भी उपस्थित थे।

## नोबल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नोबल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रा इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं स्टॉफ द्वारा महापुरूषों कि प्रतिमाओं में सरदार बल्लभभाई पटेल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं डॉ. हरिसिंह गौर की प्रतिमाओं कि धुलाई एवं साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया एवं सभी स्वंय सेवको एवं स्टॉफ को इन महापुरूषों के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार घारू, छात्रा इकाई प्रभारी पुष्पा रजक, राजेश कुर्मी, अरविन्द रावल, विजेता कटारे, प्रिंसी पाठक, रिचा दुबे, सपना राजपूत, माया ठाकुर, शर्मिला एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगर भ्रमण को निकले भगवान



**बण्डा, देशबन्धु।** ढोल एकादशी के अवसर पर नगर भ्रमण पर निकले भगवान और नगर वासियों को दर्शन देकर आशीर्वाद दिया नगर के हृदय स्थल राज मंदिर एवं श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर से विमान में सवार होकर भगवान नगर भ्रमण को निकले भगवान के नगर भ्रमण के समय समस्त नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर नगर भ्रमण के समय विमान यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि समाज सेवक और वरिष्ठ नागरिक और नगर की जनता उपस्थित रही विमान की शुरुआत श्री राज मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई संजय कॉलोनी पहुंची जहां पर जल विहार किया गया वहां से वापसी में पूरे नगर में भ्रमण करते हुए भगवान निकले श्री राज मंदिर से चांदी के विमान में सवार होकर निकले भगवान श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर से भगवान विमान में सवार होकर निकले और वार्ड नंबर 10 और नगर में भ्रमण किया इस अवसर पर विमान यात्रा में जनप्रतिनिधि और जनता महिलाएं शामिल रहे वार्ड नंबर 10 और 11,12 में भी भगवान का पुष्प बरसा कर स्वागत किया गया और आरती उतारी गई।

## मतदान अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण




**बण्डा, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बण्डा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शासकीय मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय बंडा में प्रात: 11 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया गया जिसमें 17 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान अधिकारियों को ईवीएम मशीन एवं वही पेड संचलन का प्रयोगात्मक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया समस्त कक्षा में प्रोजेक्टर एवं अन्य प्रशिक्षण सामग्री की व्यवस्था की गई है निर्धारित 6 कक्षा में 301 मतदान अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया प्रशिक्षण में से 9 मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे जिनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी सागर को सूची प्रेषित की जा रही है। प्रशिक्षण 25 से 29 सितंबर एवं 3 अक्टूबर तक दिया जावेगा। 28 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 28 सितंबर को होने वाला प्रशिक्षण 3 अक्टूबर को होगा।

## श्रीकांत सराफ प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**बण्डा, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ एवं प्रकोष्ठ प्रभारी जेपी घनोपिया की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश सोनी एवं प्रदेश संयोजक मदन सोनी ने मप्र कांग्रेस स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री पद पर श्रीकांत सराफ बंडा सागर को नियुक्त किया है। सराफ की नियुक्ति पर स्वर्णकार समाज द्वारा शीर्ष नेतृत्व का आभार माना, श्रीकांत सराफ ने कहा कि हम शीर्ष नेतृत्व के हृदय से आभारी हैं एवं समाज हित में पूर्ण निष्ठा से कार्य करते रहेंगे श्रीकांत शराफ की नियुक्ति से स्वर्णकार समाज जनों में भी उत्साह देखा गया और सभी समाज जन ने सराफ को बधाइयां दी।

# सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई मित्रों की सुरक्षा और उन्हें शासकीय सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु नगर निगम द्वारा महाकवि पद्माकर सभागार में एक दिवसीय सफाई मित्र सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सहा. आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु, सहा. यंत्री संजय तिवारी, एमआईएस एक्सपर्ट गौरव सिंह राजपूत और पीआईयू स्वच्छ भारत मिशन अक्षय सैयाम द्वारा सफाई मित्रों को सफाई करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, सफाई कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले उपकरण और उनके उपयोग तथा सफाई मित्रों को चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सहा. आयुक्त राजेश सिंह राजपूत ने सफाई मित्रों को बताया कि सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई मैन्युअल के स्थान पर आधुनिक मशीनों से होने लगी है, लेकिन भले ही मशीनों से सफाई हो, परंतु सफाई मित्रों को सुरक्षित सफाई हेतु जरूरी उपकरण जैसे दस्ताने, मास्क, पीपी किट आदि पहनना आवश्यक होता है इसी प्रकार सफाई मित्रों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराते रहना चाहिए क्योंकि सफाई कार्य के दौरान सफाई मित्र त्वचा संबंधी बीमारियां होने की संभावना रहती है। उन्होंने सफाई मित्रों और उनकी परिजनों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी से भी अवगत कराते हुए कहा कि सफाई मित्र इन योजनाओं का लाभ लें। सहा. यंत्री संजय तिवारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सफाई मित्रों की सुरक्षा और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं और सरकार की कोशिश है कि मैन्युअल कार्य के स्थान पर मशीनों से कार्य कराया जाए ताकि हमारे सफाई मित्र सुरक्षित सफाई कर सकें। अक्षय मेश्राम ने सफाई मित्रों को विभिन्न वीडियो फिल्म के माध्यम से सुरक्षित सफाई और सावधानियों की जानकारी दी साथ ही उनके हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। एमआईएस एक्सपर्ट गौरव सिह राजपूत ने भी सफाई मित्रों को अपने कार्य के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के बारे में भी सावधानियां बरतने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला पश्चात उपस्थित सफाई मित्रों ने जिला चिकित्सालय से चिकित्सक डॉ. वेदांत तिवारी एवं डॉ. विपुल द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

## सार समाचार

### लाडली बहना पार्क बनाने का विरोध



**नौगाँव, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नौगाँव प्रवास के दरम्यान स्थानीय नेताओं द्वारा बिकास की कुछ योजनाएं रखी गयी थी जिसे सीएम द्वारा स्वीकार करते हुए इन्हें मंच से ही घोषणा कर गए थे उसमे नवीन लाडली बहना पार्क भी मुख्य था नगरपालिका द्वारा इसके लिए वार्ड नम्बर 1 के क्लव वाले पार्क को चिन्हित किया है और इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है मंजूरी उपरांत निविदा आदि की प्रक्रिया जारी है इसे लेकर नगर के खेल प्रेमियों सहित कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने सोमवार को ज्ञापन के माध्यम से इसका विरोध किया है कि हमारे लिए यह क्रिकेट पैक्टिस ग्राउंड है हम कहा खेलेंगे इस पर विचार किया जाए शहर के अन्य पार्कों में से लाडली बहना पार्क बनाया जाए अगर इसे नही बदला जाता है तो हम सभी लोग परिषद सहित नगरपालिका में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेंगे अब आने वाला समय बताएगा बात मानी जाती है या फिर आचार संहिता के बाद निर्माण शुरू हो जाये क्योकि कार्य की लगभग सभी शर्ते स्वीकार हो चुकी है खेल प्रेमी खिलाड़ी कामयाब होते है या फिर लाडली बहना पार्क समर्थक समय ही बताएगा।

### राजीव की वार्ता का प्रसारण कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** 27 सितंबर दिन बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आकाशवाणी छतरपुर से खजुराहो के पर्यटन पर आधारित *वैश्विक पर्यटकों को लुभाते खजुराहो के मंदिर* विषय पर एक विशेष वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर केंद्र से किया जाएगा इस वार्ता को पत्रकार राजीव शुक्ला के द्वारा लिखा एवं प्रस्तुत किया गया है, विदित हो कि श्री शुक्ला विगत 1990 से लगातार आकाशवाणी छतरपुर को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा कई कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग कराई जा चुकी है, इसी तारतम्य में विश्व पर्यटन दिवस पर एक विशेष उनके द्वारा लिखित और पढ़ी गई।

### मासूम की तलैया में डूबने से मौत, बहन को लोगों ने बचाया

**हरपालपुर, देशबन्धु।** एक पाँच वर्षीय मासूम की तलैया में डूबने से मौत हो गई। मासूम अपनी बहन के साथ तलैया किनारे खेल रहे थे वही पास में स्थित खेत पर दादी फसल की कटाई कर रहे थी। खेलते वक्त तैलया में डूबने से मौत हो गई। भाई को डूबते देख सात वर्षीय बड़ी बहन ने बचाने प्रयास किया तो वह भी डूबने। बहिन की चिल्लाने की आवाज सुन कर विपरण संघ गोदाम के पास उपस्थित लोगो ने दोनो को तलैया से बाहर निकाला। मासूम को लेकर अस्पताल पहुँचे। जहाँ डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया।

मौत के बाद परिजनों कोहराम मच गया। घटना आज दोपहर 2 बजे के लगभग की बतायी जा रही है थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मासूम के शव को पीएम के लिये भेज दिया।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंज में एक युवक अपने घर में घुसे आवारा कुत्ते को भगाने का प्रयास कर रहा था लेकिन इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। परिजन युवक को जिला अस्पताल लाए थे जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

गंज निवासी केशव अवस्थी ने बताया कि 19 वर्षीय रामराजा पुत्र भगवती प्रसाद अवस्थी सुबह करीब 10 बजे अपने घर में घुसे आवारा कुत्ते को भगाने का प्रयास कर रहा था तभी उसका डंडा ऊपर से निकले विद्युत तार में उलझ गया और विद्युत तार टूटकर उसके ऊपर आ गिरे, जिससे उसे तेज करंट लगा और रामराजा बुरी तरह झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाए, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया गया है कि मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था और घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में हैं।

# स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी, मरीज परेशान



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के अभाव के कारण मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। डॉक्टरों की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और घंटों इंतजार करना पड़ता है। ओपीडी में एक डॉक्टर ड्यूटी देता साथ ही दूसरे डॉक्टर के रूप में बीएमओ है जिनको जिले बैठक में हिस्से लेने के अलावा भी कई कार्य करने पड़ते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच डॉक्टर एवं एक महिला डॉक्टर के पद हैं लेकिन दो डॉक्टरों का स्थानांतरण एवं दो वार्ड बॉय का स्थानांतरण होने के बाद सिर्फ दो डॉक्टर बचे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं। डॉक्टरों की कमी होने से मरीज को समय से इलाज नहीं मिल पा रहा है आए दिन मरीज का अस्पताल में जमावड़ा देखने को मिल रहा है। देखना है कि डॉक्टर के स्थानांतरण होने के बाद यहां कोई नए डॉक्टर की भरपाई होती है कि नहीं। बक्सवाहा विकासखंड के 121 गांव के मरीज अपने इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आश्रित हैं। ग्रामीण अंचल के लोगों को अगर समय पर इलाज नहीं मिलेगा तो वह या तो छतरपुर 100 किलोमीटर, दमोह 50 किलोमीटर और सागर 80 किलोमीटर जाने के बाद मरीज का इलाज करा पाते हैं।

### इनका कहना है

बक्स्वाहा में चार डॉक्टरों की जरूरत है जिसको लेकर मैंने एनएचएम को पत्र लिखा है जल्द ही डॉक्टर मिलेंगे।

**लखन तिवारी,** सीएमएचओ, छतरपुर

# पंडाल लगाकर सफाईकर्मी हड़ताल पर बैठे



**छतरपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कां. ट्रेड यूनियन के प्रांतीय आवाहन पर जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले के निकायों में पदस्थ सफाईकर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल पर चले गए हैं। जिला मुख्यालय के मेला मैदान में पंडाल लगाकर सफाईकर्मी हड़ताल पर बैठे हैं। इसके साथ ही सफाईकर्मियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को 8 सूत्रीय मांग पत्र भी भेजा है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मीक ने बताया कि सफाईकर्मियों ने पूर्व में 27 जुलाई 2023 को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा था और 31 जुलाई से हड़ताल शुरू की थी। उस समय नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन न मांगों पर चर्चा कर 15 दिवस में मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक एक भी मांग पूरी नहीं हुई है जिस कारण से एक बार फिर हड़ताल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यूनियन द्वारा जो मांगें की जा रही हैं उनमें सभी कर्मचारियों को नियमित किए जाने, प्रदेश में ठेका प्रथा को समाप्त किए जाने, पुरानी पेंशन को बहाल करने, सफाई कर्मचारियों में रोस्टर प्रणाली को पूर्णता समाप्त करने, स्वेच्छा सेवानिवृत्ति, अनुकंपा नियुक्ति आदि मांगे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार सफाईकर्मियों की मांग पूरी नहीं करेगी तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं जिन्हें उठाया नहीं गया है।

### महाराजपुर में भी शुरू हुई सफाईकर्मियों की हड़ताल

जिला मुख्यालय के अलावा जिले के अन्य नगरीय क्षेत्रों में भी सफाईकर्मियों की हड़ताल शुरू हुई है। जिले के महाराजपुर में भी अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के बैनर तले सफाईकर्मियों ने हड़ताल शुरू की है। यहां नगर पालिका कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर सफाईकर्मी हड़ताल पर बैठे हैं और उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी सभी मांगें पूरी नहीं करती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल पर जाने से पहले सफाईकर्मियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विवेक नारायण मिश्रा को 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर हड़ताल पर जाने की सूचना दी।

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हाइवे पर मवेशी



**नौगांव, देशबन्धु।** टोल प्लाजा का हाल यह तो आप समझिये हाइवे 39 पर कैसे हालात होंगे निर्माण एजेंसी जिसकी जिम्मेदारी है हाइवे पर आवारा अन्ना पशुओ को भगाने की मगर उन्ही के शुल्क बसूली टोल प्लाजा पर अन्ना जानवर घूम रहे है जो कभी भी दुर्घटनाओ को अंजाम दे सकते है जुम्मेदार चुप है आखिर कौन जबाब देह है प्रशाशन भी गहरी नींद में है जबकि नौगांव टीबी अस्पताल के निरीक्षण के समय कलेक्टर छतरपुर को तहसील के सामने कुछ पशु नजर आए थे तो उन्होंने नगरपालिका सीएमओ को कहा था इन्हें हटवाए और इनको सही जगह गौ शालाओ में पहुचाये मगर गौ शालाओ का हाल खराब है गौ शालाओ के नाम पर पंचायतों और अधिकारियों ने बन्दर बाट कर लिया हालात जस के तस है मगर अंधे बहरे जुम्मेदार केवल जुगाड़ का काम देखते है जनता की परवाह किसी को नही है इस भृष्टाचारी शाशन में इसी लिए कहते है इंसान की जान सबसे सस्ती है घर से निकला आदमी कही पर भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है और उसकी जान भी जा सकती है हाइवे निर्माण कम्पनी में इस कार्य के लिए वर्कर भी नियुक्त किये होंगे मगर अपने कार्य के प्रति सभी उदासीन है और जुम्मेदार मूकदर्शक बनकर अपनी तिजोड़िया भरने में मशगूल है अगर जुम्मेदारो को इसमें कोई कमीशन आमदनी दिखती होती तो वह 12 बजे रात में हाइवे पर निरीक्षण करते मिलते की कौन कार्य मे लापरवाही कर रहा उस पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# काश बम्हौरी में मिले हजारों वर्ष पुराने कल्पवृक्ष



**बारीगढ़, देशबन्धु।** छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से एक विशेष वृक्ष चर्चा का विषय बना हुआ है जिसकी पहचान ग्रामीणों के द्वारा कल्पवृक्ष के रूप में की गई और फिर देखते देखते उन वृक्षों के स्थानों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंचने लगी और गांव वालों ने धाम के रूप में पेड़ों की पूजा अर्चना शुरू कर दी। कुछ लोगों ने दावा तक कर दिया कि इन वृक्षों के दर्शन से कई प्रकार की बीमारियां ठीक होती हैं।

जब इनकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को लगी तो उन्होंने इन वृक्षों की पहचान सोनपाठा और स्वेनाग वृक्ष के रूप में की।

फिर हमारे साथी पत्रकार करबई के सिसौरा गांव पहुंचे जहां पर हजार वर्ष पुराने एक विशाल वृक्ष की पहचान वैज्ञानिकों द्वारा पूर्व में कल्पवृक्ष के रूप में की जा चुकी है उसकी जानकारी साझा की गई।

ठीक उसी वृक्ष से मिलता जुलता वृक्ष बारीगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत प्रकाश बम्हौरी में भी देखने को मिला जिसमें लगे फल व पत्तियां हुबहू सिसौरा गांव में लगे वृक्ष से मिलती जुलती है।

जब गांव के बुजुर्गो से इन वृक्षों की आयु की जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि यह वृक्ष हजारों वर्ष पुराने हैं और इनकी सटीक जानकारी का किसी को भी पता नहीं है।

ग्रामीणों ने मांग की प्रशासन इस वृक्ष की सत्यता की पुष्टि करें और यदि यह वृक्ष कल्पवृक्ष निकलता है तो यहां मूलभूत सुविधाएं पहुंचाएं जिससे यहां आने वाले भक्तों को असुविधा न हो साथ ही गांव के लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलें।

फिलहाल चंदला विधानसभा क्षेत्र में कल्पवृक्ष लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और आगामी चुनावों को देखते हुए तमाम प्रत्याशी भी इस मौके को दोनों हाथों से भुनाने का मौका नहीं छोड़ना चाहेंगे।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के आवास खाली कराने के निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर माह टूर डायरी जियो टेग फोटो के साथ भेजें। साथ ही सोलर पॉवर सभी विभागों को 7 दिवस मे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा सभी निकायों के स्ट्रीट लाइट्स सोलर ही कनेक्ट होंगे । कलेक्टर ने एसडीएम एवं ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि सिंचाई कॉलोनी सहित छतरपुर शहर के सभी रिटायर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों के शासकीय आवास खाली कराएं।

श्रमिकों के बच्चो की हो शत प्रतिशत उपस्तिथि : कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थित हो। स्कूलों में कैरियर संबंधी जानकारी प्रदर्शित करवाये। स्कूलों में ऐसे कटआउट लगाये जाये जिससे बच्चे देखकर प्रेरित हो, जैसे डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर आदि और उन जैसा बनना चाहे। स्कूल में जो बच्चे नही आ रहें हैं, उनकी मॉनिटरिंग करें। श्रमिकों के बच्चे कंस्ट्रक्शन साइड पर खेलते न मिलें, इस कार्य को गंभीरता से करें। कलेक्टर ने कहा जो प्रिंसिपल निर्देशों की अव्हेलना करें उन पर तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें।

डीईओ एवं डीपीसी को कई स्कूलों में किताबे शत-प्रतिशत नहीं बाटनें पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने साईकिलें बांटने के प्रमाण पत्र भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को चेक करने सभी अधिकारियों को स्कूलों में लंच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पंचायतों में पौधरोपण की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि जो व्यक्ति कार्य में बाधा डालें उन पर 151 के तहत कार्यवाही कराएं। साथ ही खुले बोरवेल की जांच करते हुए बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कुछ नर्सरियों का बाहर की अच्छी नर्सरियों से टायअप करें जिससे अच्छी पौध तैयार की जा सके। इस दौरान फ्लोरीकल्चर के विस्तारीकरण की भी समीक्षा हुई।

उन्होंने सीएमओ एवं सीईओ जनपद को बावड़ियों को लिस्टेड करने के निर्देश दिए साथ ही क्लीनिंग एवं जीर्णोधार कराने को कहा। उन्होंने कहा कुछ बावड़ियों को मॉडल के रूप में विकसित करें।

कलेक्टर ने एसडीएम, सीएमओ सहित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑफिस के बाहर वर्किंग समय के दौरार गुमटियों का निरीक्षण करें ताकि कोई भी दलाल एक्टिव न रहें। अगर कोई पाया जाए तो तुरंत कार्यवाही करें।

सीएमएचओ को निर्देशित किया कि ब्लॉकवार ही डिलेवरी होना सुनिश्चित हो। जो डॉक्टर लापरवाही बरते या अनुपस्थित रहें उन पर तत्काल कार्यवाही करें। डॉक्टर नियमित ओपीडी में बैठे। कलेक्टर ने कहा जो अधिकारी संबंधित मुख्यालय पर निवासरत नहीं और ऑफिस में देरी से पहुंचते है उनकी वेतन काटने के निर्देश दिए।

### दिव्यांगजनों का परीक्षण कर दिए उपकरण

**छतरपुर, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से विकलांक कल्याण समिति द्वारा जिला अस्पताल की पुरानी केंटीन के पास मौजूद डीडीआरसी केंद्र (जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र) में सोमवार को दो दिवसीय दिव्यांग परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें उपकरण दिए।

विकलांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि सोमवार को शुरू हुआ यह शिविर मंगलवार को भी संचालित होगा। शिविर में एलेमको कंपनी के अधिकारियों के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति है जो पैरों से दिव्यांग लोगों का परीक्षण कर उन्हें कैलीपर्स, छड़ी, बैशाखी आदि उपकरण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच के बाद शिविर में ही दिव्यांगजनों के लिए एसआर ट्रस्ट इंदौर के सहयोग से उपकरण तैयार किए जा रहे हैं। शिविर का लाभ लेने के लिए संबंधित दिव्यांग जनों को अपने आधार कार्ड, यूडी आईडी कार्ड (विकलांगता प्रमाण-पत्र), आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड सहित दो फोटो लाना है।

# पत्नी की धारदार हथियार से हत्या, आरोपी पति फरार



**छतरपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास मार्ग पर विनय ताम्रकार की विनय इंडस्ट्रीज में चौकीदारी करने वाले गोपाल रैकवार नामक युवक ने रविवार की शाम को अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। शाम करीब 6 बजे जब दूसरा कर्मचारी फैक्ट्री में पहुंचा तो वहां महिला की लाश पड़ी हुई थी और चौकीदार गोपाल रैकवार वहां से नदारत था, उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है।

कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने बताया कि महिला महोबा जिले के महोबकंठ की रहने वाली थी और वह गोपाल रैकवार के साथ पत्नी के रूप में रहती थी। गोपाल रैकवार शनि मंदिर के पास का रहने वाला है। उसे 2012 में एक हत्या के मामले में सजा हो गई थी और वह सजा पूरी करने के बाद परिवार से पूरी तरह अलग हो गया था। परिवार के लोगों का कहना है कि जेल से छूटने के बाद परिवार से उसका कोई संपर्क नहीं है। वह फैक्ट्री में चौकीदारी करता था और जिस महिला की हत्या हुई है उसके साथ कोर्ट में शादी की थी। फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने बताया कि दोनों के बीच आएदिन झगड़े होते थे। मृतिका रविवार की दोपहर में महोबकंठ से छतरपुर आई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# सातवें दिन जैन धर्मावलंबियों ने उत्तम तप धर्म मनाया



**छतरपुर, देशबन्धु।** आत्म आराधना के पावन पर्व पर्युषण के सातवें दिन जैन धर्मावलंबियों ने उत्तम तप धर्म नियमपूर्वक मनाया।दस दिवसीय पर्वराज पर्युषण नगर में विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर में चातुर्मासरत मुनि श्री विलोक सागर जी एवं मुनि श्री विबोध सागर जी प्रतिदिन दस धर्मों पर अपने प्रेरक प्रवचन दे रहे हैं।

डा सुमति प्रकाश जैन के अनुसार सोमवार को मुनिश्री ने धर्म के दस लक्षणों में से सातवें धर्म उत्तम तप धर्म पर प्रवचन दिए। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में तप धर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि अध्यात्म का मूल आधार उत्तम तप धर्म माना गया है। तप शरीर को कष्ट देकर किया जाता है। जैसे सोने को तपाकर आभूषण बनाए जाते हैं,उसी तरह शरीर को तपाकर ही आत्मा को परमात्मा बना जा सकता है। जिस तरह सोना तपकर गहना बन जाता है उसी तरह भले ही तप करने से शरीर को कष्ट होता हो, लेकिन उसके बाद तो आत्मा पूज्यता को प्राप्त हो जाती है।

तप शक्ति परीक्षण स्थल है, जो इसमें पास हो गया, वह मोक्ष को प्राप्त करने का हकदार हो जाता है। भगवान आदिनाथ ने करीब छह महीने तक कठोर तप- साधना की थी और मोक्ष को प्राप्त किया था। तीर्थकरों जैसी कठोर तप साधना करना वर्तमान में संभव नहीं है लेकिन ऐसी भावना तो भाई ही जा सकती है। कर्म निर्जरा के लिए जो तपा जाये वो तप धर्म कहलाता है। हमें तप के लिये कुछ नहीं करना है, मात्र अपनी बेतरतीब ढंग से फैल रही इच्छाओं को ध्यान से देखना भर है। अपनी इच्छाओं को मर्यादित करने तथा सही रूप में लाने की स्वाधीन एवं विवेकपूर्ण प्रक्रिया का नाम ही तप है।

*श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भजनों की तान पर जमकर थिरके श्रद्धालु*

# *जीवन में लघुता से मिलती है प्रभुता : डॉ. अनिल*




*__छतरपुर, देशबन्धु।__ जीवन में यदि कुछ पाना है तो लघुता से ही प्रभुता पाई जा सकती है। हम मरना नहीं चाहते हैं, जीना चाहते हैं, पाना चाहते हैं लेकिन कुछ करना नहीं चाहते। यदि हमें प्रभु का संग पाना है तो संतों का संग नहीं बल्कि सतसंग करना ही पड़ेगा। यह विचार गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री बड़े भैया ने नौगांव में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक महायज्ञ के चौथे दिन भागवत कथा का श्रवण कराते हुए व्यक्त किए।*

*ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के 88वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे विशाल धार्मिक आयोजन में चौथे दिन सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। ठाकुर जी के भजनों पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। इस मौके पर पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बधाई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी तो वहीं राधे-राधे मंडल सागर के कलाकारों ने आकर्षक भजनों से माहौल कृष्णमय बना दिया। महायज्ञ के पहले दिन श्रद्धालुओं ने 29 लाख 62 हजार 11 शिवलिंग निर्माण, दूसरे दिन 47 लाख 22 हजार 33 पार्थिव महादेव, तीसरे दिन कुल 1 करोड़ 41 लाख एक हजार 466 शिवलिंग निर्माण किए थे। चौथे दिन श्रद्धालुओं ने 36 लाख 91 हजार 71 शिवलिंग निर्माण कर कुल 1 करोड़ 68 लाख 92 हजार 544 शिवलिंग निर्माण कर भोलेनाथ को महादेव बना दिया। इस मौके पर गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने कहा कि नौगांव की नगर धन्य है जहां के श्रद्धालुओं ने अनूठी भक्ति का परिचय दिया है। भक्तों की अपार भक्ति से प्रभावित होकर उन्होंने मेला मैदान को रूद्र मैदान नाम दिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित समेत सभी श्रद्धालु राधे-राधे मंडल के भजनों पर थिरकते नजर आए।*

*सभी श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी की आरती उतारी। तत्पश्चात नौगांव अंचल की यादव समाज, सोनी समाज और छतरपुर स्थित मरई माता मंदिर समिति ने गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री का सम्मान किया।*

सागर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोईं हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।

जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

हैरानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दुःख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है।

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटतः नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/मंत्रियों के लिए ''धृतराष्ट्र'' की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह ''बेचारे'' इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल, संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद ''षडयंत्र सिद्धांत'' को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।



राजेंद्र शर्मा

**याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।**

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए!

दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर ''उपयुक्त जवाब'' देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद ''उपयुक्त जवाब'' देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंततः भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

■ गिरीश लिंगन्ना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिंग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

**आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।**

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा। इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है।

सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंततः घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी। परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## पावन प्रसंग

# मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरशः सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुतः अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्रायः एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अनन्मयं हि सौम्य मनः' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अतः जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अध्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरूरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

**-डॉ प्रियंका सौरभ**

# समय पर मिले लोक सेवा गारंटी की सेवाएं: कलेक्टर




**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही की जाए। गत अगस्त माह की रैंकिंग में डी ग्रेड वाले विभाग प्रकरणों की समीक्षा कर अतिशीघ्र त्वरित निराकरण और शिकायतों का प्रत्येक स्तर पर अनिवार्य रूप से अटेंड कर गुणवत्ता के साथ निराकरण भी सुनिश्चित करें। बजट अथवा नीतिगत समस्या के कारण विलंब की स्थिति में मुख्यालय अथवा शासन स्तर पर पत्राचार के साथ जरूरी समन्वय भी करें। 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों के मामलों में जिम्मेदारी के साथ शिकायत निराकृत करने और हितग्राही के योजनाओं या सुविधाओं के लिए पात्र होने पर तुरंत लाभांवित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक के मौके पर यह निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने राशन परिवहन एवं वितरण व फसल उपार्जन के संबंध में किसान पंजीयन की जानकारी लेकर खाद्य विभाग के अधिकारी को मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही पात्र हितग्राही के संबल कार्ड तुरंत बनवाने और पात्रता संबंधी शिकायतों का विश्लेषण करने के लिए निर्देशित किया। जाति प्रमाण पत्र, आधार एवं समग्र आईडी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम को सतत् मॉनीटरिंग और एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, सहायक प्रबंधक ई.गवर्नेंस, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी की टीम गठित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने टीएल बैठक में उपस्थित अधिकारियों सहित वर्चुअल शामिल हुए एसडीएम, तहसीलदार एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों को भी सीएम हेल्पलाइन, टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों पर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निराकरण और रिव्यू के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नागरिकों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं का समय सीमा में लाभ मिलना चाहिए। लापरवाही पर संबंधित विभाग के अधिकारी पर अधिनियम के तहत जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक के अवसर पर हैण्डपम्प, ट्रांसफार्मर, जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी लेकर समीक्षा भी की गई। उन्होंने आगामी दिवस में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति और जवाबदावा प्रस्तुत करने तथा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ अवमानना प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। इस दौरान लाड़ली बहना आवास योजना, गैस सब्सिडी स्कीम, पन्ना जनसेवा अभियान के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में आगामी 10 दिवसों में अपेक्षित प्रगति लाएं।

## स्वच्छता परववाड़ा में हो सक्रिय सहभागिता

कलेक्टर ने कहा कि विगत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें सभी विभागों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। अभियान की निर्धारित गतिविधियों अनुसार आवश्यक कार्यवाही और स्कूल कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की बैठक समय पर निर्धारित एजेण्डा अनुसार करवाने तथा आगामी 29 एवं 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को लगने वाले आजीविका उत्पाद मेला के संबंध में भी निर्देश दिए।

## चुनाव दायित्वों का गंभीरतापूर्वक करें निर्वहन

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी विधानसभा चुनाव के लिए सौंपे गए विभिन्न दायित्वों का गंभीरतापूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाहियां संपादित कराने, आवश्यक चुनाव प्रशिक्षण, चुनाव घोषणा के पहले की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही, परिवहन, रूट चार्ट, कन्ट्रोल रूम की स्थापना, शिकायतों के निराकरण, संपत्ति विरूपण संबंधी कार्यवाही और स्वीप गतिविधियों इत्यादि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के रूप में चुनाव दायित्वों का निर्वहन कर सुचारू एवं निर्विघ्न रूप से चुनाव कराएं। चुनाव ड्यूटी में दिव्यांग अथवा चिकित्सा कारणों से असमर्थ शासकीय सेवकों की ड्यूटी नहीं लगाने, ईव्हीएम प्रबंधन, कम्युनिकेशन प्लान, व्यय मॉनीटरिंग, प्रेक्षक के लिए लायजनिंग अधिकारी की नियुक्ति सहित बीएलओ द्वारा मतदाताओं के सत्यापन कार्य की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी परिस्थिति में बगैर अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें।

## की चेन एवं स्टीकर का वितरण

### पन्ना जिला सर्वाधिक ऑनलाइन पंजीयन में अग्रणी

# घरेलू गैस सिलेंडर योजना में 38 हजार से अधिक महिलाओं के हुए पंजीयन

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में 450 रूपए में घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल प्रदाय योजना अंतर्गत अब तक 35 हजार 825 गैस कनेक्शनधारी महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरे गए हैं। अन्य जिलों की तुलना में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जिले में सर्वाधिक ऑनलाइन फार्म भरवाए गए। जिले में इस योजना का लाभ लगभग एक लाख 56 हजार महिलाओं को मिलेगा। इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित सामान्य गैस कनेक्शन की महिला गैस कनेक्शनधारी लाड़ली बहना भी शामिल हैं। कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देशन में निर्धारित लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से कार्य की नियमित रूप से समीक्षा कर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र के वार्डों में ऑनलाइन आवेदन के लिए केन्द्र स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा गैस एजेन्सी संचालकों को भी कार्य में आवश्यक सहयोग के निर्देश दिए गए हैं। समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों के दल द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग भी की जा रही है। साथ ही आमजनों की जानकारी के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने योजना के लाभ के लिए गैस कनेक्शनधारी महिलाओं से लाड़ली बहना पंजीयन केन्द्रों पर समग्र सदस्य आईडी, गैस कनेक्शन बुक, एसव्ही कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है। ओटीपी सत्यापन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा जाएगा।

## पूर्व मंत्री मुकेश नायक के खिलाफ अभद्रता करने वालो के खिलाफ मामला दर्ज



**पन्ना, देशबन्धु।** विगत दिवस जन आक्रोश रैली कांग्रेस पार्टी द्वारा पवई विधानसभा में निकाली गई थी। उक्त रैली के दौरान कुछ स्थानीय आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों द्वारा पूर्व मंत्री मुकेश नायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए गाली गलौच की गई थी तथा उनके साथियो के साथ मारपीट भी की गई थी। उक्त मामले में चार लोगो के खिलाफ पवई थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में आवेदक रीतेश चौरे पिता रामकृष्ण चौरे उम्र 32 वर्ष निवासी हरिजन मोहल्ला दुलरिया ढोल इटारसी जिला होशंगाबाद की शिकायत पर आरोपी छोटे राजा उर्फराघवेन्द्र सिंह निवासी कुम्हारी, तरूण सिकरवार निवासी पवई, महेन्द्र कुशवाहा निवासी कुंवरपुर तथा अजयपाल लोधी निवासी बडखेरा के खिलाफधारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला कायम किया गया है।

## सार-समाचार

### नगर भ्रमण पर निकले भगवान



**गौरझामर, देशबन्धु।** नगर भ्रमण के लिए निकले भगवान, जानकी रमन शाला मंदिर से पालकी में विराजमान होकर भगवान का ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ विशाल जुलूस निकाला गया भगवान का नगर में जगह-जगह स्वागत किया और आरती उतार कर भक्तों ने भगवान के के जयकारे लगाएं और भगवान गुगबारा मंदिर में जानकी मैया मंदिर पहुंचे शाला मंदिर की पुजारी संतोष, पुजारी जगदीश बिल्थरे, गोविंद तिवारी और अनेक भक्तों ने पुण्य लाभ लिया।

### ग्यारस विमान यात्रा का किया स्वागत



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका के पार्षद इंजी. जित्तू खटीक ने ग्यारस विमान यात्रा का स्वागत किया। रजाखेड़ी जानकी रमन मंदिर से हर ग्यारस को श्रद्धालु ग्यारस विमान यात्रा निकालते हैं यात्रा जानकी रमन मंदिर रजाखेड़ी से अवधूत मंदिर तक शोभा यात्रा निकलते हैं। इस यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भक्तगण यात्रा शामिल होते हैं। यात्रा में पं. गोपाल कटारे, बलराम पटेल, जग्गी पटेल, सुनील तिवारी, गोविंद कल्लू पटेल, सोनू, धनीराम पटेल आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। स्वागत करने में पार्षद जित्तू खटीक के साथ ललित खटीक, विवेक विश्वकर्मा, वैभव केसरवानी, राकेश खटीक, रिंकू खटीक, राहुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# रोजगार के अवसर प्रत्येक जगह हैं, बस आपको अपनी क्षमता के अनुसार दृष्टिकोण विकसित करना होगा: मंदाकिनी पाण्डेय



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कॅरियर अवसर मेला लगाया गया जिसमें 40 स्टालों में रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। इन स्टालों में जेल विभाग, प्रतियोगी संस्थानों, स्वरोजगार स्टालों के साथ बैंक, भारतीय जीवन योजना निगम तथा पोस्ट ऑफिस के स्टालों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में योजना प्रभारी डॉ. प्रतिभा जैन ने स्वागत भाषण दिया तथा प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कॅरियर अवसर मेलों के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक डॉ. जीपी चौधरी ने कहा कि ऐसे कॅरियर अवसर मेलों में एक ही स्थान पर अनेक प्रकार के रोजगार की जानकारी विद्यार्थियों मिल जाती है। विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंदाकिनी पाण्डेय ने कहा कि रोजगार के अवसर प्रत्येक जगह है बस आपको अपनी क्षमता के अनुसार दृष्टिकोण विकसित करना होगा। कॅरियर अवसर मेला विद्यार्थियों को रोजगार के संबंध में विजन प्रदान करते हैं। इसी विजन के कारण इन्हें रोजगार प्राप्त होता है।

जिला रोजगार अधिकारी अंगूरी ठाकुर ने बताया कि अध्ययन अध्यापन के बाद विद्यार्थी की जबसे बड़ी आवश्यकता रोजगार होती है इसके लिए सरकार ने रोजगार एवं स्वरोजगार की जानकारी देने के साथ विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना बनाई है।

विशिष्ट अतिथि नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी रोजगार मिले इसके लिए मप्र शासन ने ऐसे कॅरियर अवसर मेले प्रत्येक जिले में लगाने का निश्चिय किया है। संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि विवेकानंद प्रकोष्ट में रोजगार स्वरोजगार के प्रशिक्षण के द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार परक बनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमर कुमार जैन ने तथा आभार डॉ. अभिलाषा जैन ने माना।

## जन आक्रोश यात्रा कल आएगी विधायक ने बैठक ली



**शाहगढ़, देशबन्धु।** बंडा विधानसभा की जीत में सबसे निर्णायक वोट तहसील शाहगढ़ की होती है, इसलिए यहां पर कांग्रेस भाजपा के सभी राष्ट्रीय नेता अथवा प्रदेश स्तरीय नेताओं का कार्यकर्ताओं के यहां आना अब तय है। कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा बुधवार 27 सितंबर को 11 बजे शाहगढ़ के अंबे चौक पर पहुंचेगी, कांग्रेस की शुरू हुई जन आक्रोश यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान भाजपा शाहगढ़ की पूर्व जनपद अध्यक्ष कमला यादव सहित अन्य भाजपा के कई कार्यकर्ताओ के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है फिलहाल अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। जन आक्रोश यात्रा की व्यवस्थाओं और कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर बंडा विधायक तरवर सिंह ने शाहगढ़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक और नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ की बैठक ली।यात्रा को सफल बनाने के लिए और भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लेकर घर-घर तक पहुंचकर संपर्क करना आदि कई व्यवस्थाओं पर कांग्रेस कार्यकताओं ने अपनी अपनी जिम्मेदारी लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने का संकल्प लिया।

## बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त वीरेन्द्र बिल्थरे को तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा- 354 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा-294 के तहत 3 माह सश्रम कारावास एवं पॉच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा-354क के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, तथा पाक्सो एक्ट की धारा-7/8 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पॉच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा एस.सी/एस.टी एक्ट की धारा-3(1)(डब्ल्यू)(आई) व धारा-3(2)(व्ही-ए) के तहत तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं पॉच-पॉच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा- 3(1)(आर) के तहत छ:माह सश्रम कारावास एवं पॉच सौ रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 6 जुलाई 2022 को थाना गौरझामर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 6 जुलाई 2022 के करीब 1:30 बजे वह उसके घर के बाहर काम कर रही थी और उसके पिता घर के भीतर सो रहे थे तथा उसका छोटा भाई भी घर पर था। उसी समय अभियुक्त वीरेन्द्र बिल्थरे आया और उसे अकेला देखकर बुरी नियत से उसके कंधे पर हाथ पटक कर उसके साथ छेडछाड़ करने लगा और गंदी-गंदी बातें कहने लगा तो वह चिल्लाई तो उसके पिता और छोटा भाई दौडकर आ गये तो उन्हें देखकर अभियुक्त वीरेन्द्र बिल्थरे गंदी-गंदी गालियां देकर बोला कि रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## मोराजी स्कूल में कौशल विकास यात्रा कार्यक्रम संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** शास. उच्च. माध्य. विद्यालय मोराजी में कौशल विकास यात्रा कार्यक्रम 2023 का आयोजन 25 सितंबर को किया गया। जिसमें कक्षा 11 और 12वी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग पर चर्चा हुई। कॉलेज शिक्षा में किस प्रकार से कौशल विकास कर सार्थक जीवन बना सकते हैं। छात्रों के बीच में अनेक प्रश्न प्रशिक्षकों ने पूछें, जिसमे छात्रों का उत्साह और मनोबल बढ़ा।

शिक्षण प्रदान करने के लिए आरके भारद्वाज वरिष्ठ प्रबंधक, मनीष खरे क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्र राजपूत जिला प्रबंधक आईसेक्ट ने छात्रों को नई शिक्षा नीति, कैरियर गाइडेंस, माइक्रूसफ्ट राइज के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक जैन ने छात्रों कौशल विकास यात्रा के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आशीष जैन आचार्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि शिक्षा के साथ कौशल विकास छात्रों को आगे बढ़ने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपागम है। रूपेश सोनी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अनेक छात्रों ने भाग लिया। यात्रा के लिए हरीझंडी दिखाकर आगे के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया।

# दौड़ के जरिए दिया एचआइवी के खिलाफ जागरूकता का संदेश

### शामिल हुए 4 सौ युवा



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की सड़कों पर रविवार को युवा पोस्टर, बैनर और आकर्षक वेशभूषा में दौड़ के साथ ही एचआइवी यानी एड्स जैसी संक्रामक और लाइलाज बीमारी से बचने का संदेश देते हुए दिखे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं नेको द्वारा रविवार सुबह रासेयो के स्वयंसेवकों तथा रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों के साथ रन अगेंस्ट एचआइवी जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। 1.5 किमी की यह दौड़ सुबह सात बजे टीटी नगर स्टेडियम से आरंभ होकर अटल पथ, भदभदा चौराहा, मैनिट चौराहा एवं माता मंदिर से होते हुए पुन: टीटी नगर स्टेडियम पहुंची, जहां इसका समापन व पुरस्कार वितरण हुआ। दौड़ में भोपाल के रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के चार सौ स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इसमें 70 प्रोफेशनल धावक थे। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। पुरुष वर्ग में मंजीत कुमार को प्रथम, खेम सिंह पटेल को द्वितीय और नीलेश चढ़ार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में आरती सरतकेर को प्रथम, आरती खनुजिया को द्वितीय और तनिषा राजपूत को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किय गया। राज्य स्तर पुरस्कार राशि प्रथम के लिए दस हजार, द्वितीय सात हजार तथा तृतीय के लिए पांच हजार रुपये थी। राज्य स्तर से चयनित दो छात्र एवं दो छात्रा प्रतिभागी अक्टूबर में पुणे में राष्ट्रीय मैराथन में सहभागिता करेंगे।

## बदमाश बेटवा पटेल को किया जिला बदर

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के बिरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह, अनु. अधि. पुलिस एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. रतिराम प्रजापति द्वारा थाना के गुण्डा बदमाश शैलेन्द्र उर्फ बेटवा पटेल पिता छोटे लाल पटेल उम्र 20 साल निवासी ग्राम बडौरा थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना मप्र के बिरुद्ध जिला बदर प्रकरण तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय पन्ना में पेश किया गया था। मामले में जिला मजिस्ट्रेट पन्ना द्वारा अनावेदक शैलेन्द्र उर्फबेटवा पटेल का 6 माह की अवधि के लिये जिला पन्ना तथा पन्ना जिले से लगे सीमावर्ती जिलों सतना, दमोह, कटनी, छत्तरपुर, बांदा के बाहर रहने हेतु निष्कासित किया गया, जिसके पालन में अनावेदक को 24 सितम्बर को रीवा जिला में छोडा गया है।

### न्यायालय नायब तहसीलदार, बांदरी, मालथौन, तहसील मालथौन जिला सागर (म.प्र.) (श्री कमलेश कुमार सतनामी) जिला सागर

क्रमांक0003/अ-20(5)/2023-24/रीडर/प्र.क्र. दिनांक 25.09.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बमनोरा तहसील मालथौन जिला सागर की शासकीय नजूल भूमि सर्व नंबर 120, रकबा 16.12 हे. में से 7.00 हे. है। भूमि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद में बांदरी को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किए जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 11.10.2023 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाईन अथवा लिखित रुप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**मंडल बांदरी तह. मालथौन जिला सागर**

### - पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने जतारा में किया जनाक्रोश यात्रा को सम्बोधित, कहा-

# सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर



**जतारा, देशबन्धु।** जनआक्रोश यात्रा के प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार बनने के बाद से ही प्रदेश के सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार के चलते हालात यह है कि आम लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने 50 प्रतिशत कमीशनखोरी का आरोप भी लगाया। श्री यादव आज जतारा में जन आक्रोश यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, किसान आत्महत्याएं करने के लिए मजबूर हैं, बेरोजगार युवक रोजगार के अभाव में सड़क पर हैं ,मजदूर पलायन कर गए हैं। जनता को किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता, अब समय आ गया है बदलाव का सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनता के सहयोग से ऐसी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करें जिससे जनता को सभी प्रकार की सुविधा मिले।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने भाजपा सरकार पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाने का आरोप भी मढ़ा और कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबाने का काम भाजपा सरकार करती है, लेकिन चिंता न करें कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी मुकदमे सरकार द्वारा वापस लिए जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि जब चुनाव का समय आया तो भाजपा को लाड़ली बहनों की याद आ गई। उसके पहले सरकार ने कभी महिलाओं को उनका हक देने का काम नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस की सरकार आने के बाद हम वचन देते हैं कि उनको प्रति माह 15 सौ उनके खाते में पहुंचने का काम किया जाएगा। 5 सौ का गैस सिलेंडर दिया जाएगा। भाजपा ने कांग्रेस की नकल करते हुए भले ही घोषणा की है कि हम महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे, लेकिन उसके पहले कभी यह बात नहीं कही है, घोषणा तो कर दी गई है, लेकिन महिलाओं को सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कमलनाथ सरकार मैं कर्ज माफी जो अधूरी रह गई थी, सरकार बनने के बाद उसे पूरा किया जाएगा। हम बेरोजगार युवाओं को रोजगार देंगे, मजदूरों को रोजगार मिलेगा, जिससे वह पलायन नहीं करेंगे। किसानों को सिंचाई के लिए 5 एचपी तक के बिजली के कनेक्शन पर कोई बिल नहीं लगेगा, निःशुल्क मिलेगी तथा सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

## किरण ने दिखाई ताकत

– कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा में अरुण यादव कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए भले ही प्रदेश के दौरे पर निकले हो, लेकिन जतारा में कांग्रेस पार्टी दो गुटों में बंटी हुई नजर आई। जहां एक ओर लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी वर्तमान में टिकट की प्रबल दावेदार किरण अहिरवार द्वारा जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम की सभा आयोजित कराकर अपनी ताकत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दिखाई । इस सभा मैं टिकट के अन्य एक दर्जन दावेदार शामिल नहीं होने से गुटबाजी साफदेखने को मिली। पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारी महेश यादव को भी मंच पर जगह नहीं मिली। वह आम श्रोता बनकर जनता के बीच में बैठे रहे। श्रीमती किरण अहिरवार ने कहा है किपूरे प्रदेश में जन आशीर्वाद आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है।

जतारा विधानसभा क्षेत्र रोजगार का अभाव होने से पलायन हो रहा, शिक्षा का स्तर खराब है। पार्टी जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने कहा है कि यह यात्रा भाजपा को भगाने और कांग्रेस पार्टी को एकजुट करने के लिए कमलनाथ के निर्देश में निकाली जा रही है। भाजपा विधायकों पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस के जिला प्रभारी चन्द्रकान्ता प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि कांग्रेस वह पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है, उन्होंने कहा कि इस बार अगर कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता चूक गया तो आने वाले समय वोट डालने को नहीं मिलेगा, उन्होंने कहा कि तानाशाह सरकार को हटाना जरूरी है। सीपी मित्तल ने कहा है कि मध्य प्रदेश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महिला पर अत्याचार के मामले में नंबर वन है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष गौरव शर्मा,मलखान सिंह घोष, सचिव जैन, अनिल रिछारिया, हीरालाल कुशवाहा, मोहम्मद शफी, स्वतंत्र यादव, महेश चौबे, राजेश तिवारी ,नीरज देशमुख, कल्याण सिंह चंदेल, आत्माराम घोष सहित बड़ी संख्या मैं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यादव समाज की बैठक में एकजुटता पर जोर



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुलगुवां के हनुमान मंदिर प्रांगण में यादव समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम भजन गायकों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद बैठक में यादव समाज लोगे ने शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई है। क्षेत्र से आए समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार विमरस किए और जय यादव जय माधव के साथ समाज एकता का संदेश दिया और एकजुट रहने का वचन लिया है।

बैठक में मंच का संचालन डीपी यादव एडवोकेट टीकमगढ़ एवं रामेश्वर यादव शिक्षक कुलगुवा के द्वारा किया गया। इस दौरान समाज के लोगों को संबोधित करते हुए एडवोकेट डीपी यादव ने कहा कि समाज के लोगो छोटे-छोटे बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि हम सफलता तभी हो सकते हैं। जब हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा पाकर अच्छा काम करेंगे इसलिए हम लोगों को अपने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा दिलाए और समाज के गरीब लोगों की मदद कर उनके बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दिलाने का कम करें। तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। हमारा यादव समाज वह समाज है। जिसमें भगवान श्री कृष्ण ने भी जन्म लिया है। हम सभी लोग भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। इसके बाद ग्राम पंचायत कोटरा के पूर्व सरपंच कुंवर लाल यादव ने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा के साथ साथ अन्य चीजों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे समाज में मृत्यु भोज बंद करने के लिए समाज के वरिष्ठ लोगो को आगे आना होगा। तभी समाज में मृत्यु भोज बंद हो सकते हैं। इससे गरीब परिवारों को काफी राहत मिलेगी। और आप समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। वहीं सुरेश यादव देवपुर ने कहा कि समाज लोगों के एकजुट नहीं होने से समाज के लोगों को प्रताड़ित किया जाता है। कई लोगों के ऊपर झूठे मुकदमे लगाएं गए हैं। इसलिए समाज को एकजुट होने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। वही पूरन यादव धनेरा ने कहा कि समाज के ऊपर होने वाली घटनाओं का हम विरोध करेंगे उन्होंने कहा कि बीती रात बनयानी में दुलीचंद यादव के परिवार के साथ हुई घटना पर समाज के लोग एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों के खिलाफकार्यवाही की मांग करेंगे हम लोग एकजुट होंगे तो किसी की हिम्मत नहीं कि हमारे लोगों को कोई उंगली दिखा सके हम लोगों को यादव समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों को भी साथ में लेकर चलना है। और सभी वर्गों के लोगों के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए जरूर प्रयास करना है। बैठक में रामेश्वर यादव पूर्व सरपंच, डॉक्टर लखन यादव पूर्व सरपंच रामस्वरूप यादव सरपंच, सुरेंद्र यादव बिजराई, मनोहर यादव पूर्व सरपंच, संतोष यादव भानपुरा, अखंड यादव पत्रकार, राममिलन यादव वैसा ,दूधलाल यादव रुहानिया, नवल यादव प्रतापपुर, सुरेश यादव देवपर ,देवी यादव, रति दाऊ यादव, राजाराम यादव यरौरा , एवं कुलगुवां ग्राम वासी शहर हजारों की संख्या में यादव समाज कि लोग बैठक में शामिल हुए।

## 40 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जतारा, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गाँजा ,शराब आदि का विक्रय, उत्पादन, एवं परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसको लेकर थाना जतारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बैदपुर में एक व्यक्ति अपने खेत पर गाँजे की अवैध खेती कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एक पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा ग्राम वेदपुर में आरोपी प्रमोद पिता सुल्तान सिंह घोष के खेत पर दबिश देकर 104 गाँजे के हरे पेड़ वज़नी क़रीब 40 किलो जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार किया गया।

## सीएम हेल्पलाईन में संतुष्टि पूर्व शिकायतों का प्रतिशत बढ़ाएं : कलेक्टर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में संतुष्टि पूर्वक बंद शिकायतों का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों के फोर्स क्लोज प्रस्ताव सजगता से करें। साथ ही जो भी विभाग सीएम हेल्पलाईन में डी श्रेणी में हैं उनको एससीएन जारी करें। उन्होंने निर्देषित किया कि माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण तथा कंटेम्पट प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करायें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त पात्र महिलाओं का लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 450 रुपये में गैस सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करने संबंधी पंजीयन नियमानुसार शीघ्र करवायें तथा इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे समस्त पात्र महिलायें इसका लाभ ले सकें। उन्होंने निर्देशित कि जेल में पानी एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थें उत्तम हों यह सुनिश्चित करें। जल निगम पाइप लाईन का कार्य वन विभाग के समन्वय से करें, सफाई-स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। आकांक्षी विकासखण्ड योजना अंतर्गत 3-9 अक्टूबर 2023 तक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसके संबंध में विभागों को निर्देश दिये। सभी छात्रावासों, महाविद्यालयों में कम रोषनी वाले क्षेत्रों में एलईडी लगवाने की व्यवस्था करें। शहर में जल भराव की स्थिति नहीं बने तथा पानी की निकासी की व्यवस्था अच्छी की जाये। इसके साथ ही कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे कार्य को शत-प्रतिशत शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी सामग्री वितरण व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। स्ट्रांग रूम की व्यवस्थायें आयोग के दिशा निर्देशानुसार करवायें। सभी संबंधित अधिकारी बस रूट तैयार करें, जिससे सामग्री पहुंचाने में कोई दिक्कत नहीं हो।

# बड़ागांव सीएचसी क्षेत्र में डेंगू का खतरा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में डेंगू का खतरा फिर से बढने लगा है। हर एक दिन छोड़ जांच में डेंगू के मरीज निकल रहे है। सबसे अधिक मरीज बड़ागांव धसान सीएचसी केंद्र क्षेत्र के है। उसके बाद बल्देवगढ़ और जतारा के रिपोर्ट में बताए है। जिसमे सबसे खराब स्थिति टीकमगढ़ नगरपालिका के वार्ड 5,15,21, 23 की है फिर हैदरपुर की बताई गई। उसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते सोमवार को पुलिस लाइन में एक फिर से डेंगू का मरीज निकला है। नगरपालिका क्षेत्र के चार वार्डो को गंदगी के मामले में चिन्हित किया गया है। उसके लिए मलेरिया विभाग द्वारा गंदगी हटाने और नालियों के साथ खाली प्लाटों को सुरक्षित करने के लिए पत्र भी जारी किए गए है। उसके बाद भी नगरपालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण डेंगू के मरीजों की संख्या बढने लगी है। यह संख्या बढने से मरीज और परिजन तो परेशान हो ही रहे है। इसके साथ ही प्रशासन भी परेशान हो रहा है। जिसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा डेंगू वाले स्थानों को खत्म नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण बड़ागांव धसान सीएचसी क्षेत्र में खतरा बढने लगा है।

**एक महीने में 15 हो गए डेंगू के मरीज :** मलेरिया विभाग के अधिकारी ने बताया कि अगस्त से सितंबर तक डेंगू के 12 से अधिक मरीजों का आंकड़ा दर्ज किया गया है। उसके पहले फरवरी, मार्च और मई में भी तीन डेंगू के आंकड़े दर्ज हुए थे। शुक्रवार को डूमरऊ और सोमवार को पुलिस लाइन में डेंगू का मरीज सामने आया है। आज तक जिले में 15 मरीज सरकारी आंकड़े में दर्ज किए गए है, लेकिन निजी जांचों में हर दिन डेंगू के मरीज निकल रहे है। जिन्हें सरकारी तंत्र अपनी रिपोर्ट में दर्ज नहीं करता है।

## वर्ष 2021 में निकले थे सबसे अधिक डेंगू

पिछले वर्ष 2021 में जिले में टीकमगढ़ जिले में 163 के करीब डेंगू के आंकड़े दर्ज किए गए थे। वर्ष 2022 में 7 प्रकरण दर्ज हुए थे। वर्ष 2023 में 15 डेंगू के मरीज दर्ज हुए है। हालांकि मरीज स्वस्थ है। अधिकारी और स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर गंदगी फैली हुई है। सफाई कराने का प्रयास नगरपालिका द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

## लार्वा सर्व शुरू

नगरपालिका क्षेत्र के चिन्हित और बगैर चिन्हित वार्डों में दवाओं का छिड़ाव शुरू कर दिया है। प्रतिदिन 100 घरों में एकत्रित पानी की 500 से अधिक टंकियों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही नालियों को साफरखने और आयल को नालियों में डालने की बात कही है।

## यहां निकले डेंगू के मरीज

सबसे अधिक डेंगू के मरीज बडागांव धसान सीएचसी क्षेत्र में निकले है। जिसमें हैदरपुर, मवई, 9 टीकमगढ़ शहर, हटा बल्देवगढ़, आहार बल्देवगढ़, चंदेरी बल्देवगढ़ और बिलगांय जतारा में डेंगू के मरीज निकले है।

## डेंगू के यह है लक्षण

जिला अस्तपाल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पीएल विश्वकर्मा ने बताया कि डेंगू के लक्षण की ऐसे पहचान करें। उनका कहना था कि अकस्मात तेज सिर दर्द, बुखार, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, आंखों के घुमाने से के पीछे दर्द, जी मिचलना और उल्टी होना, नाक, मूंह, मसूडों में खून आना और त्वचा पर चकत्ते उभरना से डेंगू के लक्षण दिखाई देते है।

## यह है नगरपालिका की स्थिति

नगरपालिका क्षेत्र में 27 वार्ड है। उसकी सफाई के लिए 279 के करीब सफाई कर्मचारियों के साथ अन्य कर्मचारी तैनात है। कचरा उठाव के लिए 15 ऑटो ट्रेपर और 7 ट्रैक्टर ट्राली है। उसके बाद भी नगर पालिका के कई क्षेत्रों में जल भराव बना हुआ है।

## इनका कहना

जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 15 हो गई है। प्रोटाकॉल के तहत के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मरीज स्वस्थ है, सोमवार को पुलिस लाइन में डेंगू का मरीज निकला है। जिसका उपचार किया जा रहा है। नगर में फैली गंदगी की सफाई के लिए नगरपालिका को कई पत्र भेज चुके है। उसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**हरिमोहन रावत,** जिला मलेरिया अधिकारी टीकमगढ़।

# तालाब से जलकुंभी निकालने में छूट रहे पसीने

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के महेंद्र सागर तालाब से जलकुंभी हटाने के लिए नगर पालिका ने एक बार फिर अभियान शुरू किया है। पिछले 10 दिनों से मछुआ समिति और नगर पालिका के कर्मचारी तालाब से जलकुंभी निकालने में जुटे हैं। अब तक करीब 200 से ज्यादा ट्रॉली जलकुंभी निकाली जा चुकी है। बावजूद इसके तालाब में अब भी बहुत अधिक मात्रा में जलकुंभी फैली है। दरअसल, महेंद्र सागर तालाब जलकुंभी की चपेट में है। तालाब के घाटों तक जलकुंभी फैल गई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग तालाब पर श्राद्ध और तर्पण करने जाते हैं। लोगों ने पितृपक्ष से पहले तालाब के प्रमुख घाटों की साफ सफाई कराए जाने की मांग की थी। जिसके चलते मछुआ समिति के सदस्यों के साथ नपा के कर्मचारियों ने तालाब के महादेव घाट और पितृ तर्पण घाट पर

## 10 दिन बाद भी साफ नहीं हो सके घाट, रस्सी और नाव की मदद से निकाल रहे जलकुंभी

जलकुंभी निकालने का काम शुरू कर दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश द्विवेदी ने बताया कि लंबे समय बाद इस बार महेंद्र सागर तालाब में जल का भराव अच्छा हुआ है। वहीं गंदगी और जलकुंभी से तालाब पर नहाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने बताया कि श्राद्ध पक्ष से पहले तालाब के पितृ तर्पण घाट और महादेव घाट की सफाई के निर्देश दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ शर्मा, सुरेश दौंदेरिया ने बताया कि आने वाले श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में शहर के लोग महेंद्र सागर तालाब पर तर्पण करने पहुंचते हैं।

# ईद मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी तथा पर्यूषण पर्व मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेष शर्मा तथा एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईद मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी तथा पर्यूषण पर्व त्यौहार मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे सहित संबंधित प्रषासनिक एवं पुलिस अधिकारी, सभी समाज के गुरूजन, पार्षदगण, समाज के गणमान्यजन तथा समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी प्रबुद्धजनों से आगामी त्यौहारों पर परम्परागत कार्यक्रम के आयोजन संबंधी परिचर्चा की गई। उन्होंने जिलेवासियों से पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील करते हुए त्यौहारों की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रतिमाओं का विसर्जन महेन्द्र सागर तालाब में निर्मित कुण्ड में सम्मान जनक तरीके से किया जायेगा। कार्यक्रम उपरांत सफाई की पूरी व्यवस्था शीघ्र की जाये तथा इसके लिये टीम गठित की जायें। तालाब के पास भारी वाहन नहीं निकाले जायें। झांकियों की सजावट क्रास नहीं लगायें, साईड में ही लगायी जायें, ताकि जलूस या मूर्ति विसर्जन में वाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर को ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर जुलूस के रूट से ट्राफिक का डायवर्सन किया जायेगा। जुलूस में 8 बॉक्स डीजे पर निर्धारित आवाज में बजाया जायेगा एवं साथ में वाईब्रेशन नहीं रहेगा। इसका बाहर के डीजे भी पाल करेंगे। इसी प्रकार 29 सितम्बर को पर्यूषण पर्व के आयोजन पर सूरसागर विद्यालय से जुलूस निकाला जायेगा। इस हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक काशवानी ने कहा कि सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाया जाये। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे, जिसके संबंध में व्यावहारिक कार्यवाही करने की बात कही गई।

# खरगापुर विधानसभा पहुंची जन आक्रोश यात्रा, सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब



**पलेरा/खरगापुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा के जवाब में निकाली जा रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा सोमवार को खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। यहां कांग्रेस की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के खरीला से जन आक्रोश यात्रा खरगापुर होते हुए बल्देवगढ़ नगर पहुंची। यहां मिलन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में पूर्व मंत्री अरुण यादव ने कहा कि भाजपा 18 साल से जनता के शोषण के बाद जन आशीर्वाद निकाल रही है, लेकिन इस बार जनता का आक्रोश है, इसलिए हम जनाक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमपी में महिलाएं असुरक्षित है। चौतरफा भ्रष्टाचार है। राज्य सरकार का खजाना खाली है। शिवराज घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं। वर्तमान में इतना कर्ज लाद दिया है कि उतारना मुश्किल हो जाएगा। पूर्व मंत्री अरुण यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि प्रदेश की जनता का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। यदि इतना ही आशीर्वाद मिलने का भरोसा है तो फिर प्रदेश में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह 7-7 बार क्यों आ रहे हैं। क्यों पूरे देशभर से मंत्रियों को इस जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि भाजपा को प्रदेश की जनता अब नकार चुकी है। इतने भ्रष्टाचार हुए हैं जो जनता के सामने हैं। देश के बेरोजगार युवाओं का भविष्य गर्त में पहुंच गया है। इसकी पूरी जवाबदारी भाजपा सरकार की है। महिला आरक्षण बिल को लेकर पूर्व मंत्री अरुण यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही इसे बहुत पहले लाई थी। यह कांग्रेस पार्टी की देन है। अब चुनाव में मोदी जी की सरकार डूबने वाली है, इसलिए नाम में प्रबंध लगाने का काम कर रहे हैं। लेकिन जनता अब समझ चुकी है प्रबंध लगाने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## गौर बंधुओं का जलवा रहा कायम

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर का नेतृत्व सफल रहा। जन आक्रोश यात्रा के खरगापुर विधानसभा पहुंचते ही पूर्व विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर ने यात्रा की अगुवाई करते हुए हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं समेत समर्थकों का काफिला यात्रा के साथ जुड़ गया। ऐसे में टिकट की आस लगाएं दावेदारों के चेहरे का रंग भी जनता के सैलाब को देखकर फीका पड़ गया। आमसभा के दौरान खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में गौर बंधु परिवार की लोकप्रियता एवं मजबूत पकड़ को लेकर पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सिंह का जिक्र किया जाना जनता के उत्साह को बढ़ा रहा था। ऐसा माना जा रहा है कि बीते दिनों जहां वर्तमान भाजपा विधायक एवं राज्यमंत्री राहुल सिंह ने पुनः खरगापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, वही अब कांग्रेस समर्थकों में पार्टी की ओर से पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सिंह गौर का मैदान में उतरना तय माना जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीपी मित्तल, जिला प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, सह प्रभारी आबिद सिद्दकी, पूर्व विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गौर, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, महेश यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, गुड्डू राजा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू राय, चरन सिंह यादव, हरिशंकर राय, समेत सैकड़ो की संख्या में स्थानीय समर्थक एवं कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## सार समाचार

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपे ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पत्रकार सुरक्षा कानून के प्रारूप को तैयार करने के लिए जो पांच सदस्यीय समिति बनाई है, वह स्वागत योग्य है, लेकिन इस समिति में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ वर्षों से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग कर रहा है और देश भर में सबसे पहले यह मांग मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने ही उठाई है जो लगातार जारी रही, संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया या उनके द्वारा सुझाए गए किन्ही साथियों को समिति में लिया जाये ताकि सरकार की मंशा व पत्रकारों की भावना के अनुरूप पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने में मदद मिल सके। ज्ञापन सौपने वालों में जिलाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव सहित संगठन के अनेक सदस्यों की मौजूदगी रही।

### सी.एम. राइज स्कूल के शिक्षकों के संभागीय प्रशिक्षण के दौरान योग केंद्र में किया योगाभ्यास



**दमोह देशबन्धु।** सी.एम. राइज स्कूल के शिक्षकों के संभागीय प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस प्रशिक्षणार्थियों ने जटाशंकर पहाड़ी पर स्थित योग केंद्र में योग का अभ्यास एवं पहाड़ी का भ्रमण कर सुबह के सत्र को आनंददायी एवं रोचक बनाया। प्रशिक्षण में भाग लेने वालों में दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सागर एवं निवाड़ी के शिक्षक शामिल रहे। संयुक्त संचालक डॉक्टर मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, दमोह जिले के ओ.आई.सी. सहायक संचालक डॉक्टर आशुतोष गोस्वामी एवं एडीपीसी एस.के. असाटी के निर्देशन में प्रशिक्षण विधिवत संचालित किये जा रहे है। आज सुबह के सत्र का मार्गदर्शन ए.पी.सी. मोहन राय द्वारा किया गया।

स्वीप गतिविधियों में चल रहे आयोजन

# मतदाताओं को जागरूक करने कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से निकाली रैली

**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप गतिविधियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल एवं स्वीप समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को निरन्तर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को हरी झंडी दिखाकर प्राचार्य डॉ. पी एल जैन द्वारा रवाना किया गया। रैली कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर विवेकानंद चौराहा, नेहरू पार्क, कीर्ति स्तंभ चौराहा, अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहे से होते हुए कमला नेहरू कॉलेज में आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान एन.एन. एस. जिला संगठक डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे एवं स्लोगन के माध्यम से सभी को उत्साहित करते हुए नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने और



सजग नागरिक का कर्तव्य निभाना से संबंधित प्रेरणा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में स्वीप समिति सदस्य डॉ. आलोक सोनवलकर द्वारा रैली को व्यवस्थित रूप प्रदान करने, नारे द्वारा गति देने तथा शपथ के माध्यम से जागरूकता का संदेश देकर रैली की गरिमा को बनाया गया। रैली को व्यवस्थित करने में सिद्धार्थ जाऊरकर एवं सौरभ खरे द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि मंदिर निर्माण को लेकर हुई बैठक

दमोह देशबन्धु। शहर के बीचो-बीच स्थित बाल्मीकि वार्ड नया बाजार नंबर 3 गाड़ी खाना में बाल्मीकि धर्मशाला मंदिर निर्माण समिति द्वारा एक भव्य बाल्मीकि मंदिर राम दरबार के साथ निर्माण करने का संकल्प लिया गया। जिसकी बैठक नगर पालिका टाउन हॉल में आयोजित की गई। जिसमें बाल्मीक समाज के वरिष्ठ जन और युवाओं की बहु संख्या मौजूदगी में बाल्मीकि धर्मशाला मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राम अवतार बाल्मीकि ने मंदिर निर्माण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर सभी आम जनमानस के सुझाव, विचार, शिकायत लेकर सहमति प्राप्त की। जानकारी में बाल्मीकि धर्मशाला मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया की दमोह शहर में आज तक एक भी बाल्मीकि मंदिर नहीं है जबकि शहर में बाल्मीक समाज की एक बड़ी संख्या निवास करती है उन्होंने बताया की एक मंदिर आमचौपरा के किशन तलैया स्थित टेकरी पर निर्मित है किंतु उसकी देखरेख, रखरखाव न होने के कारण कई बार असामाजिक लोगों द्वारा मंदिर और मूर्ती को क्षतिग्रस्त कर हमारी धार्मिक भावनाओ को आहत किया गया जिसके खिलाफ कई बार शिकायत भी की गई किन्तु आरोपियों के खिलाफ कभी ठोस कार्यवाही नहीं की गई इसी कारणवश बाल्मीक समाज की लंबे समय से मांग थी की एक मंदिर शहर के बीचो-बीच उचित व सुरक्षित स्थान पर बनाया जाए ताकि श्रद्धालु बाल्मीकि जी की पूजा अर्चना भक्ति कर सके और सुचारू रूप से उसका संचालन भी हो सके जिसकी पहल बाल्मीकि धर्मशाला मंदिर निर्माण समिति द्वारा की गई है बैठक में बाल्मीक समाज के कैबिनेट सदस्य वरिष्ठ दीपक सनकत, परसू पारोचे, नानक चौहान, सुरेश कछवाह ,प्रेम पारोचे, विनय करोसिया ,मनीष करोसिया, अजय पारोचे, पप्पू कछवाह ,रजत, बृजेश गोदरे, रत्नेश खरारे, कल्याण पारोचे,रंजीत पारोचे, लखन पथरोल,

## नेमीनगर जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**दमोह देशबन्धु।** महिला जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 की नेमीनगर शाखा दमोह द्वारा पर्यूषण पर्व पर नेमीनगर जैन मंदिर जी में बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जो दो चरणों में रखी गई। प्रथम चरण में 5 से 10 वर्ष के बच्चों एवं द्वितीय चरण में 11 से 15 वर्ष के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें बच्चे विभिन्न वेशभूषा में सती सीता, सती चंदन वाला, भारत माता, श्रवण कुमार, नेमिनाथजी, भगवान बाहुबली, के साथ जल और जल छानने का छनना बनके अपनी अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें निर्णायक मंडल के रूप में क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अति वीर दिलेश चौधरी, मंदिर जी के पंडित जी डॉक्टर प्रदीप शास्त्री द्वारा बच्चों की प्रस्तुति का रिजल्ट तैयार कर बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में परितोषित दिए गए। चेयरपर्सन वीरांगना रश्मि, शाखा सयोजिका वीरांगना शोभा, अध्यक्ष वीरांगना सीमा पारस, मंत्री वीरांगना डॉक्टर सविता, कोषाध्यक्ष वीरांगना डाली, प्रचार मंत्री वीरांगना सीमा बाबा, वीरांगना सीमा दिगंबर, वीरांगना सीमा आगरा, वीरांगना रोशनी के साथ मंदिर कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य, माताओं के साथ बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही। इस तरह से यदि हम प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को मंच देते हैं तो बच्चों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है अत: हमें इस तरीके से छोटे-छोटे कार्यक्रम करवाते रहना चाहिए।

## आप के पूर्व जिला अध्यक्षों ने ली भाजपा की सदस्यता

**दमोह देशबन्धु।** प्रहलाद सिंह पटेल केंद्रीय राज्य मंत्री के नेतृत्व में दमोह के आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील राय एवं अन्य पांच जिलों के पूर्व जिला अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बीडी शर्मा जी के द्वारा सदस्यता ग्रहण की। हटा कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मोहन तंतुवाय ने भी सदस्यता ग्रहण की इसके साथ-साथ आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य वीरेंद्र रैकवार भी बीजेपी में शामिल हुए। इस अवसर पर बीडी शर्मा द्वारा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं भाजपा परिवार में सभी का स्वागत किया गया।



## पूर्व विधायक प्रताप सिंह से प्रभावित होकर कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**दमोह देशबन्धु।** ग्राम खमरिया कला में कांग्रेस पार्टी की रीति नीति एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह से प्रभावित होकर सैकड़ो ग्रामवासियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण क ी ग्राम के लोगो ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान होकर हम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार 15 माह में जनहित के कार्यों देखा किसानों की कर्जमाफी पेंशन 600 की गई बिजली 100 आते थे,गौशाला बनाई गई और ऐसे जनहित के कार्य हो रहे थे तभी भाजपा ने खरीद फरोख्त कर सरकार गिराई और अब सभी ने आने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनायेगे और भाजपा की 50 प्रतिशत वाली भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेकेंगे ।इस दौरान तुलाराम यादव जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा, कैलाश यादव, प्रहलाद यादव, रघुनाथ यादव, संतोष पाल जनपद सदस्य, दुर्गा प्रसाद यादव, नीलेश यादव ब्लाक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, प्रहलाद यादव, भरत साहू,शौरभ साहू, दुर्गा रजक, ब्रजेस यादव, दिलीप यादव, लाल सिंह हल्ले पहलवान पूर्व सरपंच, रुपेंद्र यादव,रुपेंद्र यादव, अंकुर यादव, आदि समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## बसपा ने पूना पैक्ट धिक्कार दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी दमोह के तत्वावधान में पूना पैक्ट - धिक्कार दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानस भवन में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे। सर्वप्रथम बहुजन नायकों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसमें गोवर्धन राज जिलाध्यक्ष, प्रताप रोहित, नारायण सिंह पूर्व डिप्टी कलेक्टर, मुन्ना लाल अहिरवार, रामदयाल अहिरवार, एस एल अहिरवार, जोगेंद्र चौधरी विधानसभा प्रभारी विनोद रायल, नीलेश अठया ऋषभ नायक महासचिव सुरेंद्र चौधरी मनोज मंडेलिया आदि सभी ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। संदीप चौधरी अध्यक्ष शहर बसपा ने कहा पूना पैक्ट होना ही दलित वंचित समुदाय का पिछड़ने कारण बना बाबा साहब ने गांधी जी के प्राणों को बचाते हुए टूटे मन से इस पैक्ट पर हस्ताक्षर किए थे उसी दिन से चमचा युग की शुरुआत हो चुकी थी अगर हमें दो मत का अधिकार मिलता तो आरक्षित क्षेत्र से जाने वाले जन प्रतिनिधि आकाओं पर आश्रित न होकर दलित वंचित पिछड़ों के प्रति अपना कर्तव्य निभाते कार्यक्रम में लगभग 30 युवाओं ने कांग्रेस बीजेपी की नीतियों से तंग होकर पुरानी पार्टी छोड़ बसपा का दामन थामा जिसमें मनीष अहिरवार, नारायण कोरी, अफ्जल खान, आकाश अहिरवार मनीष श्रीवास्तव, आदि अन्य युवाओं ने बसपा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला काव्य गोष्ठी संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** गत दिवस अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला दमोह इकाई के तत्वाधान में दमोह जिला अध्यक्ष आनंद जैन के निज निवास पर हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष पुष्पा चिले ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी लेखक संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत रहे। कार्यक्रम में दमोह के वरिष्ठ साहित्यकारों ने हिंदी के महत्व को प्रदर्शित करती रचनाएँ पर्यूषण पर्व एवं गणेश उत्सव को समर्पित रचनाओं का वाचन किया सरस्वती वंदना नन्हे कलाकारों कुमारी अमोलिका जैन और अमोल जैन ने प्रस्तुत की कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ चिकित्सक एवं व्यंगकार डॉ रघुनंदन चिले ने किया कार्यक्रम का आभार जिला अध्यक्ष आनंद जैन ने माना कार्यक्रम में वरिष्ठ व्यंगकार एवं सेवानिवृत्ति न्यायाधीश श्रीकांत चौधरी ख्याति प्राप्त कवित्री डॉक्टर प्रेमलता नीलम पूर्व शिक्षा अधिकारी पीएल शर्मा वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे प्रख्यात संगीतज्ञ पंडित श्याम सुंदर शुक्ला पीएस परिहर ओजेंद्र तिवारी बी एम दुबे दिनेश जैन सदन नेमा पुरुषोत्तम रजक कृष्ण कुमार चौबे बबीता चौबे शक्ति गणेश राय पत्रकार नरेंद्र अरजर्रिया नाट्य कर्मी राजीव अयाची भोपाल से पधारे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मैनेजर आशीष हजारी श्रीमती स्मिता जैन सहित जिले भर से अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र की अंतिम चयनित सूची जारी दावे/आपत्ति 5 अक्टूबर तक

**दमोह देशबन्धु।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास दमोह शहरी ने बताया कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना दमोह (शहरी) अंतर्गत सिविल वार्ड नंबर-01 के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 पर आंगनवाड़ी सहायिका पद की पूर्ति हेतु गत दिवस आयोजित खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक में शासन निर्देश पत्र एवं समय-समय पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका नियुक्ति संबंधी निर्देशानुसार सहायिका पद हेतु अनंतिम चयनित सूची में दंवती बाई लोधी एवं प्रतीक्षा सूची में पूजा नामदेव का अनन्तिम चयन किया गया है।

### जिला खंगार क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ जिला दमोह की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष खंगार क्षत्रिय समाज दमोह रज्जन सिंह खंगार की उपस्थिति में रमेश कुमार राय खजरी मोहल्ला दमोह के निवास पर आयोजित हुई। बैठक में जिला दमोह एवं ग्रामीण क्षेत्र से सामाजिक बंधु उपस्थित रहे एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा है एवं आवश्यक निर्णय लिए गए।

### पोषण माह के दौरान व्यंजन मेला का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास दमोह शहरी के कृष्णा वार्ड 8 के मंडल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 18 में पोषण माह के दौरान व्यंजन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन का प्रदर्शनी केंद्र रखा गया उपस्थित माता को व्यंजन बनाने हेतु बताया गया जिससे पोषण तत्वों की कमी की पूर्ति हो सके बताया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित वार्ड की महिलाओं पर्यवेक्षक गीता अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण तिवारी, वर्षा, भारती, प्रभा, कीर्ति, प्रीति, कल्पना, लक्ष्मी, निकिता, शारदा, ज्योति सभी का सहयोग रहा।

### पर्युषण में बाहुबली भगवान का हुआ मस्तकाभिषेक

**दमोह देशबन्धु।** दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के शिष्य उपाध्याय श्री विश्रुत सागर एवं मुनि श्री निर्वेग सागर जी का मंगल चातुर्मास चल रहा है। मुनि संघ के सानिध्य में दस लक्षण पर्व पर श्रावक संस्कार शिविर ध्यान योग क्लास एवं सामूहिक पूजन का प्रतिदिन भक्ति भाव के साथ आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर प्रवचन एवं दिव्यदेसना का लाभ भी सभी को मिल रहा है। प्रदूषण पर्व के सातवें दिन श्री दिगंबर जैन मंदिर जी में उपाध्यक्ष श्री विश्रुत सागर एवं मुनि श्री निर्वेग सागर जी के पावन मंगल सानिध्य में भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक अति उत्साह माहौल में भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाहुबली भगवान की विशाल खडगासन प्रतिमा का मस्तकाभिषेक सोधर्म इंद्र बन कर प्रथम मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य देवेंद्र जैन परसवाहा परिवार ने प्राप्त किया। भगवान की शांति धारा करने का सौभाग्य रिंकू खजरी परिवार एवं शैलेंद्र सुधीर बजाज परिवार को प्राप्त हुआ। उपाध्याय श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य हरचंद जैन को एवं पद प्रक्षालन करने का सौभाग्य मनीष बजाज परिवार को प्राप्त हुआ ।

## पंडित दीनदयाल जयंती पर नेहरू युवा केंद्र ने किया वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र जिला दमोह (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के निर्देश पर जिला युवा अधिकारी सुधीर सिंह एवं तेजखान के मार्गदर्शन में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सभागार दमोह में जन अभियान परिषद से संबध्द नवांकुर संस्था छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति के विशेष सहयोग से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल एवं शुभम पटैल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया तदोपरांत अतिथियों को तुलसी का पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे रहे, अध्यक्षता जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील कुमार



नामदेव ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधालय प्राचार्य एस एल अहिरवाल एवं वरिष्ठ शिक्षक आर पी पटैल उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता थे । वे निष्काम कर्मयोगी, मौलिक चिंतक, प्रखर पत्रकार, लेखक एवं राजनेता थे। उनका जीवन संघर्ष और विचार एवं दर्शन हमारे लिये प्रेरणा देता है । वे सादगी, सरलता, सच्चाई एवं विद्वता की प्रतिमूर्ति थे उनकी जयंती पर इस प्रकार के संगोष्ठी कार्यक्रम सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक कृष्णा पटैल ने किया और आभार विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक आर पी पटैल ने व्यक्त किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिभा पर माल्य अर्पण किया

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क, जटाशंकर में पंडित जी की मूर्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री सतीश तिवारी मैं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा आज हम पंडित जी के विचारों पर चलकर ही राष्ट्र एवं समाज को आगे ले जाने का कार्य कर सकते हैं जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा एकात्म मानववाद का विचार देकर हम सभी को समाज अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करने की प्रेरणा दी गई कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित आलोक गोस्वामी भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक संदीप शर्मा युवा मोर्चा से राजुल चौरहा राकेश ठाकुर अनिल सैनी देवल कोरी पियूष असाटी विधान पारासर मुखूतार खान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुसुमरानी पटेल उम्र 70 वर्ष पति नारायण पटेल निवासी 612 मागंज वार्ड नं. 4 मुश्की बाबा के पास मलैया मिल के आगे दमोह तह व जिला दमोह म.प्र. की निवासी हूँ । यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कुसुमरानी पटेल पति नारायण पटेल दर्ज है जबकि मेरे द्वारा किसान विकास पत्र दिनांक 18/3/15 को लिया गया था जिसमें मेरा नाम हरिबाई पटेल पत्नी श्री नारायण प्रसाद पटेल दर्ज हो गया था जो मेरा घर का नाम है। मुझे कुसुमरानी पटैल एवं हरिबाई पटेल पति नारायण पटेल एवं नारायण प्रसाद पटैल दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है तथा दोनों नाम मेरे ही हैं जो मान्य किये जावें।

कुसुमरानी पटेल पति नारायण पटेल
निवासी 612 मागंज वार्ड नं. 4 मुश्की बाबा के पास
मलैया मिल के आगे दमोह

# कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन चलाएगा साफ थाली अभियान



## पंपलेट व पोस्टर से करेंगे लोगों को जागरूक

**सागर, देशबन्धु।** कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन की बैठक सोमवार को बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन का पंजीयन करनेए एसोसिएशन के सदस्यों के कार्ड बनवाने और साफथाली अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमें तय किया गया कि एसोसिएशन का पंजीयन अगले तीन दिनों में किया जाएगा। पंजीयन के बाद सभी सदस्यों के कार्ड बनवाए जाएंगे। इस दौरान अन्न रक्षक के रूप में हलवाई कैटरिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने संकल्प लिया कि साफथाली अभियान को चला कर भोजन का सम्मान करेंगे। बैठक में कैटरिंग हवाई एसोसिएशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम नेमा ने कहा कि जो लोग शादी समारोह करवाते हैं, वह अपने कार्ड में भोजन के लिए आपके आगमन तक लिख देते हैं। जिसका खामियाजा हमें और हमारे छोटे.छोटे कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है।

क्योंकि कैटरिंग में कार्य करने वाले कर्मचारी सुबह 3 से 4 बजे तक कार्य करते हैं और दूसरे दिन पुनः कार्य के लिए सुबह 6 उठ जाते हैं। जिससे उन्हें आराम नहीं मिल पाता। इसलिए एसोसिएशन यह निर्णय करता है कि आगामी विवाह समारोह में आपके आगमन की जगह 11 बजे तक भोज उपलब्ध होगा ऐसा लिखा जाने की अपील कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन अपने ग्राहकों से करेगा। वहीं सागर कैटरिंग एसोसिएशन के संरक्षक अखिलेश मोनी केसरवानी ने कहा कि हमें अपनी संस्था का पंजीयन कराना है। अगर हम पंजीबद्ध होंगे तो हम अपनी मांगें शासन प्रशासन तक रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन के सदस्यों को मिलकर एक अभियान चलाना है जिसका नाम साफ थाली अभियान होगा। इस अभियान के तहत हमें लोगों को प्रेरित करना है कि हम भोजन और नाश्ता व्यर्थ न जाए, थाली में उतना ही ले जितना खाना हो, जूठन नहीं छोड़ना है। हमें उस अन्न का सम्मान करना है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा कि थाली में उतना ही भोजन ले जितना वह ग्रहण करना चाहते हैं। इसके लिए सभी कैटरिंग हलवाई एसोसिएशन के सदस्य आगे आकर पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से शहर के लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान एसोसिएशन के सभी सदस्यों को थाली में झूठा नहीं छोड़ने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में अरविंद मिश्रा, राज किशोर, विजय नेमा, फूल सिंह, गुड्डू साहू, राम मिलन ठाकुर, मुन्ना यादव, रितेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराना सिखाता है श्री कृष्ण का जीवन: नीलम बहन



**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र सागर के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में श्रीकृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया जिसमें सभी भाई बहिनों ने नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाये। प्रवचन कर्ता राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने श्रीकृष्ण की बाललीला का आध्यात्मिक चरित्र बताते हुए कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण चरित्र युवाओं को प्रेरणा देने वाला हैं। 16 कलाओं के धनी श्रीकृष्ण का चरित्र, उनकी साधना, उनकी विपरीत परिस्थितियां आज के युवा को आत्मदर्शन कराती हैं। कहते है कि मानव जब-जब सम्पूर्ण पवित्र बनने की कोशिश करेगा, तब-तब विघ्न, बाधाएं आएगी। श्रीकृष्ण का जन्मचरित्र ही देखो, श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में भादों की नकारात्मक अंधयारी रात्रि में दिखाते हैं। अतः आज के युवाओं को केवल जीवन निर्वाह और वासनामय, तृष्णा, लोभ से ऊपर उठकर देश, धर्म, समाज, संस्कृति के लिए सेवा, सहयोग और त्याग, बलिदान की प्रेरणा श्री कृष्ण के चरित्र से लेनी चाहिए। विपरीत परिस्थिति में भी उनके चेहरे पर बिखरी हुई मुस्कुराहट उनकी सात्विकता और संतुष्टता का प्रतीक है। बचपन से लेकर युवावस्था तक उनका जीवनकाल समस्याओं से घिरा होने के बावजूद भी उन्होंने कभी शिकायत नहीं की। श्री कृष्ण के जीवन से हमें सीख मिलती है कि परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन हमें मुस्कुराकर उसका सामना करना चाहिए। इस अवसर पर छाया दीदी, लक्ष्मी बहन, आरती बहन और सभी भाई बहन, माताएं शामिल रही।

# इच्छाओं पर विजय प्राप्त करना ही उत्तम तप:मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** दशलक्षण पर्व के सातवें दिन सोमवार को जिनालयों में उत्तम तप धर्म की विधि विधान से आराधना की गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा अभिषेक, शांतिधारा के बाद नित्य पूजन किया गया। रात्रि में आरती और संस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। दोपहर में हुए तत्वार्थ सुत्र महामंडल विधान के सौधर्म इंद्र सुखानंद शाह परिवार रहें, मीडिया प्रभारी प्रकाश अदावन ने बताया कि 28 सितंबर अनंत चतुर्दशी दिन गुरूवार को दोपहर में 24 तीर्थंकरों का अभिषेक और शांति धारा मुनिश्री के मुखराबिंद से होगी, पर्युषण पर्व के समापन पर शुक्रवार 29 सितंबर दोपहर 12 बजे विशाल शोभा यात्रा विमान यात्रा जावेगी, नगर के झंडा चौक पर जल विहार कार्यक्रम और मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें। एक अक्तूबर को क्षमा वाणी मनाई जाएगी, दो अक्तूबर गांधी जयंती पर मुनिश्री के मंगल सानिध्य में सभी स्कूलों के बच्चों की अहिंसा रैली और नगर भवन से विशाल कार्यक्रम के दौरान धर्म सभा को संबोधित मुनिश्री विरंजन सागर करेगे। आज उत्तम तप धर्म का दिन है। कर्मों के क्षय के लिये जो तपा जाता है, उसे तप कहते हैं। इच्छा निरोधः तपः अर्थात् इच्छाओं को रोकना या जीतना ही तप हैं यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि जीवन को तमाशा नहीं तीर्थ बनाना है। तन से मात्र तपस्या नहीं करना मन से भी करना है वही तीर्थ बनता है। कर्म के क्षय के लिए तप किया जाता है इच्छा का निरोध करना ही तप है। तप का मतलब है हमारे जीवन शैली में परिवर्तन आना। शक्ति के अनुसार ही तप करना चाहिए। त्याग कर दिया और इच्छा बनी रही तो वह तप नहीं है इसलिए इच्छाओं को रोकना और मन पर नियंत्रण करना है। तप करेंगे तभी हमारी आत्मा पावन बनेगी, मन वचन के तीनों युवाओं को संभालना पड़ेगा तभी हमारी आत्मा परमात्मा बनेगी जिस प्रकार खदान से मिला सोना को पहले ताना पड़ता है वैसे ही शरीर को ताना पड़ेगा तभी आत्मा परमात्मा बनेगी, आत्मा शरीर है बर्तन शरीर है ठीक ऐसे ही शरीर रूपी वर्तन को पहले तपना होगा तभी आत्मा परमात्मा बनेगी।

# जिसने भी अपने जीवन में त्याग किया है वही चमकता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** वास्तु के त्याग के साथ ममत्व भाव को छोड़ने का नाम ही त्याग है, यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कही। मुनि श्री ने कहा की दान और त्याग सगे भाई हैं। दान श्रावक के द्वारा किया जाता है और त्याग मुनिराज करते हैं। दान में छोड़ी गई वस्तु की स्मृति बनी रहती है, अपनत्व का भाव भी हो सकता है, पर त्याग में स्मृति नहीं, पूर्ण विसर्जन होता है। दान दो के मध्य घटने वाली घटना है, परंतु त्याग स्वयं के द्वारा की गई प्रक्रिया है। त्याग के बिना कोई धर्म जीवित नहीं रह सकता। जिसने भी अपने जीवन में त्याग किया है वही चमकता है। धर्म और आत्मा को जीवित रखने के लिए त्याग आवश्यक है। इतिहास साक्षी है कि भगवान श्री राम, भगवान महावीर, आदि महापुरुष अपने त्याग धर्म के कारण है, जन-जन में पूजनीय और वंदनीय है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा संसार में पूर्ण त्याग से वैराग्य उत्पन्न होता है। जिस प्रकार भोजन करने के पूर्व निहार क्रिया जरूरी है, इसी प्रकार आत्मा में परमात्मा को जागृत करने के पूर्व विषय और कषाय को त्यागना होगा।

मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की प्रातः काल से भगवान का अभिषेक शांति धारा नित्य पूजन एवं प्रवचन का कार्यक्रम प्रतिदिन मंदिर जी से होता है आज श्री ज्ञान सागर संस्कार केंद्र पाठशाला के लिए लगभग 80 लोगों ने ज्ञान दान देकर बच्चों की पाठशाला को आधुनिक बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# पर्युषण पर्व पर पाठशाला की बेटियों ने मचाई धूम



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में पर्युषण पर्व पर जैन मंदिरों में रोजाना पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक, धार्मिक नाट्य नृत्य प्रस्तुतियां पेशकर धूम मचा दी। पर्युषण पर्व पर जिनालयों में दस धर्मो की आराधना विशेष भक्ति भाव रूप से की जा रही है। इस दौरान सुबह से देर रात तक अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शाम को जिनेद्र भगवान की संगीतमय भव्य महा आरती के उपरांत वचनिका का वाचन हो रहा है। इसके पश्चात पाठशाला परिवार द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक नाट्य और नृत्य आदि पर प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को एक मंच मिल रहा हैं जिस पर समाज के समक्ष अपनी कलां का कुशल और कौशल प्रदर्शन रख रहे हैं। रविवार शाम को गंज मंदिर में पाठशाला के बच्चों द्वारा मंदिर में श्रंगार किस लिए इस पर अनुकरणीय नाट्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। इन बेटियों सोनाली सेठ, टिया मोदी, रोशनी मोदी, रानू सैनी, अनी सेठ, रोम्यां जैन द्वारा सुंन्दर, सराहनीय और अनुसरणीय प्रस्तुति दी। उक्त नाट्य की तैयारी पाठशाला की बहिन निशी चौधरी और नैंसी चारौधा द्वारा कराई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ बच्चों द्वारा मंगलाचरण कर किया गया। और अंत में एक मिनिट प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे बच्चों महिलाओं ने भाग लिया।

# जगत के तारणहार निकले जलविहार को, उमड़ा जनसैलाब



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में ढोल ग्यारस के अवसर पर धूमधाम से पांचो मंदिर के विमान धूमधाम से जल विहार के लिए निकले। राधा कृष्ण रिछारिया मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, अमोनिया मंदिर, बड़ा मंदिर, सोनी मंदिर से अलग-अलग विमानों में श्रीराधा कृष्ण भगवान को विराजमान कर जल विहार के लिए गाजे बाजो के साथ निकले। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। पांचो मंदिरो में ढोल ग्यारस के अवसर पर विशेष साज सज्जा की गई। भगवान की प्रतिमा को विमान में सवार कर मंदिर के मुख्य मार्ग से बाजार प्रांगण पहुचे। बाजार परिसर में अलग-अलग पांचो मंदिर के विमान जलूस के साथ पहुंचे उनका भव्य मिलाप हुआ। सभी विमानों के दर्शनों के लिए हजारों श्रृद्धालुओ ने दर्शन किए। जलूस में बांके विहारी वृदावन लाल की, राधे-राधे, जय कन्हैया लाल के जयकारो के साथ एक साथ जल विहार के लिए जल सरोवर तालाब घाट पर पहुंचे भगवान का जल विहार हुआ उसके उपरांत आरती पूजा अर्चना पुजारियों द्वारा की गई। पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण हुआ। इस बीच जगह जगह श्रृद्धालुओं ने विमान का स्वागत में आरती पूजन कर प्रसाद अर्पित किया। जल विहार कर विमान प्रस्थान हुए उन्हें राधा कृष्ण मंदिर में रोका गया है। राधा कृष्ण रिछारिया मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सभी पांचो मंदिर के विमान राधा कृष्ण मंदिर में विश्राम के लिये रोका गया है।

# बीना रिफाइनरी के गार्ड की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस



**बीना, देशबन्धु।** रिफाइनरी में एक निजी सिक्योरिटी कंपनी में पदस्थ गार्ड की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बीना सिविल अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार अरविंद पिता रामअवतार 55 निवासी रजाखेड़ी सागर रिफाइनरी में इट्स सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड के पद पर पदस्थ है। जो रिफाइनरी में अलग-अलग जगहों पर ड्यूटी करता था। वह खाना खाकर कैंप में सो गया था, जिसकी अज्ञात कारण से मौत हो गई। इसकी जानकारी आगासौद पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बीना सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वर्ष 2017 से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के नेत्रत्व में की गई कार्यवाही का खुलासा कर बताया कि वर्ष 2014 के धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बीना, जिला सागर द्वारा वर्ष 2017 में आरोपी विनोद पस्तोर पिता गौरीशंकर पस्तौर उम्र 35 साल निवासी जवाहर वार्ड बीना को 6 माह के कठोर कारावास से दण्डित किया गया था एवं पीडित पक्ष को प्रतिकर स्वरूप तीन लाख रुपए की राशि का भुगतान हेतु निर्णय पारित किया गया था। जो आरोपी निर्णय के उपरान्त से ही फरार चल रहा था। उक्त फरार स्थाई वारंटी विनोद पस्तोर को सोमवार को मुखविर की सूचना प्राप्त होने पर सूचना सत्यापन कर उपरोक्त वारंटी की तलाश हेतु टीम रवाना की गई जो थाना गोपालगंज के स्नेह नगर से उक्त वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसे सजा भुगतने हेतु जेल वारंट प्राप्त होने पर खुरई जेल में दाखिल किया गया। वारंटी के विरुद्ध जिला इंदौर के न्यायालय से भी स्थाई वारंट जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकर, कमल सिंह, अरूण कुमार मिश्रा, भरत प्यासी, लोकेन्द्र, सतेन्द्र, सतीश, राजा बेदी की भूमिका रही।

# नाबालिग बालिका से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कृत्य करने वाले अभियुक्त राजेश पिता मुन्ना अहिरवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 366ए के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एम) सहपठित धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने 13 अप्रैल 21 को पुलिस थाना सुरखी में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 13 अप्रैल 21 के शाम करीब 4 बजे की बात है पीड़िता घर से थोड़ी दूर खेल रही थी कुछ देर बाद पीड़िता घर आई बोली कि उसे शौच के लिये जाना है शौंच कराने लगी तो पीड़िता रोने लगी और उसने बताया कि उसे प्राइवेट पार्ट में दर्द हो रहा है। उसने पूछा क्या हो गया है तो अभियोक्त्री ने बताया कि खेलते समय अभियुक्त राजेश अहिरवार ने उसके प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़खानी की जिससे खून निकलने लगा। फिर वह पीड़िता और उसके पति को लेकर थाना रिपोर्ट करने आई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में दिखाया अपना टंकण कौशल




**सागर, देशबन्धु।** कम्प्यूटर प्रयोगशाला जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कार्मिकों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा के संयोजक एवं प्रभारी हिन्दी अधिकारी संतोष सोहगौरा ने बताया कि सचिवालयीन एवं प्रशासनिक कामकाज में डाटा इंट्री तथा नोटशीट व पत्र लेखन के लिए टंकण का ज्ञान बहुत आवश्यक है, यह प्रतियोगिता उसी ज्ञान एवं कौशल के प्रदर्शन का अवसर है। प्रतियोगिता के समन्वयक की भूमिका का निर्वहन तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. केके राव ने किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजीव सराफ की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में राजभाषा प्रकोष्ठ से अभिषेक सक्सेना और विनोद रजक भी उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों कर्मचारियों ने सड़को पर झाड़ू लगाकर सफाई की



**राहतगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रहे गणेशोत्सव, पर्यूषण पर्व आदि त्योहारों के चलते सोमवार को नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित पार्षदों एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने नगर की मुख्य सड़कों पर झाड़ू लगाकर सफाई की। विशेषकर डोल ग्यारस पर निकलने वाले विमान शोभायात्रा मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई की साथ ही सड़को की धूल ना उड़े फायर ब्रिगेड, टैंकर से पानी डाला। गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस मौके पर भाजपा नेता गोलू राय, पार्षद पुष्पेंद्र मीणा, राजू अहिरवार, अनिल ताम्रकार, राहुल वर्मा, लालमिया, सीएमओ आरसी अहिरवार, सुनील विश्वकर्मा, महेश गौर सहित नगर परिषद कर्मचारी मौजूद थे।

## अपहृत 14 वर्षीय बालक को खोजा

**बीना, देशबन्धु।** 21 सितंबर को बालक नैतिक पिता भूपेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 14 साल घर से बिना बताये कहीं चले जाने एवं किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में उसके पिता भूपेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा 22 सितंबर को की गई रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 586/2023 धारा 363 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना की गई अपहृत बालक की लगातार तलाश कर 25 सितम्बर को विदिशा से दस्तयाब किया गया। बालक को उसके पिता भूपेन्द्र के वैद्य संरक्षण में सुपुर्द किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर, कमल सिंह, अरूण कुमार मिश्रा, भरत प्यासी, लोकेन्द्र, सतेन्द्र, सतीश, राजा बेदी की भूमिका रही।

# नोबल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया



**देवरीकलां, देशबन्धु।** स्थानीय नोबल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी एवं पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि के रिसर्च स्कॉलर एवं राष्ट्रीय स्तर पर मप्र का प्रतिनिधित्व कर चुके शिवम् शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जिन्होंने व्यक्तिव विकास एवं राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही महात्मा बुद्ध एवं अंगुलिमाल का उदाहरण देते हुए भी रोचक ढंग से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालक नीलम दीक्षित ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। विद्यार्थियों ने सस्वर सामूहिक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय की ओर से अभितेंद मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया। समकित जैन एवं शिवानी लोधी ने एनएनएस की परंपरानुसार बैच लगाकर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष दुबे ने एनएसएस का इतिहास उद्देश्य और उपयोगिता प्रतिपादित की। श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को एनएनएस से सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में ही पौधरोपण किया गया और एनएनएस के विद्यार्थियों को ही इनकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी। आभार प्रदर्शन एनएनएस छात्रा प्रभारी रूपाली जैन ने किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।